राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 175
लखनऊ, बुधवार 25 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सीडीओ ने ब्लाक का निरीक्षण कर सचिवों के साथ की बैठक 10

विधायिका को लेकर बनी नकारात्मक धारणा में आया सकारात्मक परिवर्तन : महाना 03

# दो दिवसीय इजराइल यात्रा पर प्रधानमंत्री मोदी नेतन्याहू के साथ होगी व्यापक वार्ता

- दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगी बातचीत
- प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भी कई समझौतों पर होंगें हस्ताक्षर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से इजराइल की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं। इस दौरान वह अपने इज़राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और इजराइली संसद नेसेट को संबोधित भी करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 12:45 बजे तेल अवीव पहुंचेंगे। आगमन पर दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच संक्षिप्त मुलाकात होगी। पहले दिन प्रधानमंत्री नेसेट को संबोधित करने के अलावा भारतीय मूल के लोगों के साथ एक सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। रात्रि में वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू द्वारा आयोजित निजी रात्रिभोज में शामिल होंगे। यात्रा के दूसरे दिन 26 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी यरुशलम स्थित याद वाशेम जाकर होलोकॉस्ट स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जहां नाजी अत्याचारों में मारे गए लाखों यहूदियों की स्मृति संरक्षित है। इसके बाद प्रधानमंत्री इज़राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत भी होगी। वार्ता के बाद नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा और क्वांटम प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।

### पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी का यह दूसरा इज़राइल दौरा

प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दौरान भारतीय और यहूदी समुदाय के सदस्यों के साथ भी संवाद करेंगे। यह यात्रा रणनीतिक, तकनीकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी का यह दूसरा इज़राइल दौरा होगा और दोनों देशों के बीच 'रणनीतिक साझेदारी' को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा। सरकार के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने 4-6 जुलाई 2017 को इज़रायल की ऐतिहासिक यात्रा की थी। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली इज़रायल यात्रा थी, जिसके दौरान द्विपक्षीय संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक उन्नत किया गया था। इसके बाद इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जनवरी 2018 में भारत का दौरा किया था। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच हाल के वर्षों में नियमित संवाद बना रहा है। वर्ष 2023 से 2026 के बीच दोनों नेताओं ने विभिन्न अवसरों पर टेलीफोन वार्ता कर क्षेत्रीय हालात, आतंकवाद, पश्चिम एशिया की स्थिति तथा द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। गत जनवरी में दोनों नेताओं ने नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हुए क्षेत्रीय स्थिति की समीक्षा की। भारत-इजरायल संबंधों में रक्षा और सुरक्षा सहयोग एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के रांची दौरे को लेकर सुरक्षा कड़ी, एयरपोर्ट क्षेत्र 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित



**एजेंसी, रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 26 फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं। उनके आगमन और प्रस्थान को देखते हुए राजधानी रांची में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति रांची पहुंचने के बाद जमशेदपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर रांची सदर अनुमंडल दंडाधिकारी ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के तहत आदेश जारी करते हुए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट की पूरी परिधि को 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया है। इस दौरान ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून सहित सभी प्रकार के मानवरहित या हल्के विमानों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला जनसम्पर्क कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह निषेधाज्ञा 26 फरवरी को सुबह 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक प्रभावी रहेगी। आदेश के तहत एयरपोर्ट क्षेत्र और उसके ऊपर किसी भी प्रकार की हवाई गतिविधि पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर रांची पुलिस और जिला प्रशासन ने बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। एयरपोर्ट परिसर और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जारी निर्देशों का पालन करें और किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित गतिविधि से दूर रहें, जिससे कि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

## तेलंगाना में चार माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी, हैदराबाद।** प्रतिबंधित कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) के चार वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को तेलंगाना में आत्मसमर्पण कर दिया और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में मुख्यधारा में लौट आए। पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वालों में पोलित ब्यूरो सदस्य टिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी उर्फ कुम्मा दादा, सेंट्रल कमेटी सदस्य मल्लराजी रेड्डी उर्फ संग्राम उर्फ रंगाराम, तेलंगाना स्टेट कमेटी सचिव बड़े चोक्का राव उर्फ दामोदर उर्फ जगन तथा स्टेट कमेटी सदस्य नून नरसिम्हा रेड्डी उर्फ गंगन्ना उर्फ रन्ना दादा शामिल हैं। डीजीपी शिवधर रेड्डी ने इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पिछले दो वर्षों में कुल 591 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं। इनमें चार सेंट्रल कमेटी सदस्य, 16 राज्य कमेटी सदस्य, 26 डिवीजन कमेटी सदस्य एवं सचिव, 85 एसीएस तथा 60 अन्य सक्रिय सदस्य शामिल हैं।

## मेरठ में आग लगने से छह की मौत

**एजेंसी, मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र स्थित किदवई नगर इलाके में सोमवार देर रात एक घर में आग लगने से एक ही परिवार के पांच बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। मंगलवार को सभी का मुस्लिम रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्राथमिक जांच में शार्टसर्किट से आग लगने की बात सामने आई है। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने बताया कि कपड़ा व्यापारी इकबाल अहमद का तीन मंजिल का मकान किदवईनगर के इस्लामाबाद की गली नंबर तीन में स्थित है।

इसमें उनके दो बेटे आसिम और फारूक सयुंक्त परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार रात को इकबाल अपने बेटों के साथ तरावीह की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद गये थे। इस दौरान घर अचानक आग लग गई। उन्होंने बताया कि जब तक परिवार वाले कुछ समझ पाते तब तक पूरा मकान आग की चपेट में आ गया।

## राहुल गांधी का केंद्र पर हमला | भारत-अमेरिका ट्रेड डील को बताया किसानों के खिलाफ



**एजेंसी, भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इस डील को किसानों के खिलाफ बताया। राहुल ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर दम है तो अमेरिका के साथ इस जनविरोधी डील को रद्द करके दिखाएं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील के विरोध में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मंगलवार को कांग्रेस ने 'किसान महाचौपाल' का आयोजन किया है। इसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहुंचे। राहुल गांधी ने महाचौपाल को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक अंतरराष्ट्रीय समझौते के जरिए देश के किसानों के हितों से समझौता किया। उन्होंने कहा कि यह डील चार महीने तक रुकी हुई थी और कृषि से जुड़े मुद्दों पर बातचीत ठप पड़ी थी। राहुल ने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने इस दौरान संबंधित मंत्रियों से कोई चर्चा नहीं की और अचानक फैसला ले लिया। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार नहीं चाहती थी कि अमेरिका की बड़ी कंपनियां सोया, कपास और मक्का जैसे कृषि उत्पाद भारत में बेचें, क्योंकि इससे भारतीय किसानों को नुकसान हो सकता था। चार महीने तक बातचीत रुकी रही, लेकिन उनके भाषण के बाद प्रधानमंत्री ने बिना कैबिनेट से चर्चा किए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन कर समझौते के लिए सहमति दे दी। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी ने देश के किसानों को कमजोर किया और उनका डेटा तक बाहर दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से टेक्सटाइल इंडस्ट्री भी प्रभावित हुई है। राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। मैं चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहता था। मैंने लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे की बात रखी थी।

कांग्रेस नेता ने नरवणे की संस्मरण पुस्तक को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि युद्ध में जाने का निर्णय सैन्य नहीं, बल्कि राजनीतिक होता है। राहुल ने कहा कि सेना अपना कर्तव्य निभाती है, लेकिन युद्ध का अंतिम निर्णय राजनीतिक नेतृत्व द्वारा लिया जाता है। किसी भी देश में युद्ध जैसे गंभीर विषय पर निर्णय लेने की जिम्मेदारी निर्वाचित सरकार और राजनीतिक नेतृत्व की होती है, जबकि सेना उस निर्णय को लागू करने का कार्य करती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अब सरकार यह कह रही है कि बांग्लादेश की मदद की जाएगी और टेक्सटाइल सेक्टर में जीरो प्रतिशत टैक्स लगाया जाएगा।

# एआई सैट्स ने यूपी सरकार के साथ किया एमओयू



- जेवर एयरपोर्ट पर दो प्रोजेक्ट में 4458 करोड़ निवेश करेगी एआई सैट्स
- जेवर एयरपोर्ट बनेगा नॉर्थ इंडिया का कार्गो हब

**एजेंसी, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश का एक और तोहफा मिला है। सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने एविएशन सर्विस सेक्टर की अग्रणी कंपनी एआई सैट्स के साथ महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत कंपनी गौतमबुद्ध नगर स्थित जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दो प्रमुख परियोजनाएं स्थापित करेगी। एक अत्याधुनिक कार्गो कैंपस और दूसरा विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचेन। इन दोनों प्रोजेक्ट्स पर एआई सैट्स 4458 करोड़ रुपये निवेश करेगी। एमओयू के अनुसार एआई सैट्स जेवर एयरपोर्ट परिसर में अत्याधुनिक कार्गो कैंपस का निर्माण करेगी। यह कार्गो कैंपस न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए एयर फ्रेट और लॉजिस्टिक्स का प्रमुख केंद्र बनेगा। इस परियोजना से निर्यात-आयात गतिविधियों को गति मिलेगी, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, कृषि उत्पाद जैसे क्षेत्रों को बड़ा लाभ होगा। एमओयू के दूसरे प्रमुख निवेश के तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ही एक अत्याधुनिक विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचेन की स्थापना की जाएगी। यह किचेन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से संचालित होने वाली उड़ानों के लिए उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री के सिंगापुर दौरे का उद्देश्य वैश्विक निवेशकों को उत्तर प्रदेश की संभावनाओं से जोड़ना है। दूसरे दिन हुए इस एमओयू को राज्य के एविएशन, लॉजिस्टिक्स और सर्विस सेक्टर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट के चालू होने के साथ ही यह कार्गो कैंपस और एयर कैटरिंग सुविधा उत्तर भारत के आर्थिक परिदृश्य को नई दिशा देंगे और प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर और मजबूत स्थिति में स्थापित करेंगे।

### सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से मिले योगी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री गान किम योंग तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री और गृह मंत्री के. शनमुगम से मुलाकात की। चर्चा का केंद्र उत्तर प्रदेश में शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे और डिजिटल गवर्नेंस में सिंगापुर की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रहा।गान किम योंग के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के श्प्रो-बिजनेसश् वातावरण पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के विशाल लैंड बैंक और शीघ्र ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर से मिलने वाली कनेक्टिविटी को रेखांकित किया। बैठक में दिल्ली एनसीआर में सिंगापुर की कंपनियों द्वारा औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

## युद्धाभ्यास 'खड़ग शक्ति' में दिखी भारत की सैन्य शक्ति, युद्ध कौशल का जबरदस्त प्रदर्शन

- संयुक्त युद्धाभ्यास और एयरबोर्न ऑपरेशन का हुआ लाइव प्रदर्शन



**एजेंसी, बीकानेर।** एशिया की सबसे बड़ी महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 'खड़ग शक्ति' युद्धाभ्यास के दौरान भारतीय सेना की सैन्य शक्ति एक बार फिर देखने को मिली। सेना ने आधुनिक और पारंपरिक युद्ध कौशल का जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस दौरान दस हजार फीट की ऊंचाई से पैराट्रूपरों की सामरिक छलांग, चेतक और चीता हेलीकॉप्टरों द्वारा त्वरित एम्युनिशन आपूर्ति व रेकी, हथियारों से लैस अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर की सटीक मार कार्रवाई, स्वॉर्म और लॉजिस्टिक ड्रोन का उपयोग के साथ-साथ तोपखाने की समन्वित फायरिंग का प्रदर्शन हुआ। अभ्यास में ड्रोन ऑपरेशन्स, दिव्यास्त्र बैटरी, अग्निबाण रेजीमेंट, अश्नी योद्धा सिस्टम, स्मर्च रॉकेट सिस्टम और इंटीग्रेटेड आर्टिलरी फायरपावर का प्रदर्शन किया गया। अंतिम चरण में पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार खटियार और टू कोर कमांडर जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर की उपस्थिति में संयुक्त युद्धाभ्यास और एयरबोर्न ऑपरेशन का लाइव प्रदर्शन हुआ। 8 से 10 हजार फीट की ऊंचाई से पैराड्रॉप, सटीक आर्टिलरी स्ट्राइक और दुश्मन क्षेत्र में घुसकर कार्रवाई का सिमुलेशन इस अभ्यास की खास झलक रही। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने अभ्यास का निरीक्षण करते हुए विभिन्न चरणों की समीक्षा की। लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने बताया कि युद्धाभ्यास के दौरान महाजन की रेतीली धरा पर सेना की तोपें और टैंको ने अपनी गर्जना से आसमान गुंजायमान कर दिया।

## आतंकियों की गोली से घायल सैनिक 'टायसन' की हालत में तेजी से सुधार

**एजेंसी, जम्मू।** किश्तवाड जिले में ऑपरेशन त्राशी-ढ्ढ के दौरान सैनिकों का नेतृत्व करते हुए पहली गोली खाने वाला सेना का सैनिक कुत्ता 'टायसन' अब स्वस्थ हो रहा है। इस बहादुर कुत्ते की वीरता ने रविवार को चत्रू क्षेत्र के पासरकुट में एक पहाड़ी की तलहटी में स्थित एक मिट्टी के मकान (धोक) में पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) कमांडर सैफुल्लाह और उसके दो साथियों को मार गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सेना के व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि किश्तवाड में हाल ही में चलाए गए ऑपरेशन त्राशी-ढ्ढ में हमलावर कुत्ते 'टायसन' ने आतंकवादियों के ठिकाने में घुसते समय पहली गोली खाकर असाधारण साहस का परिचय दिया।

## राहुल की मुहब्बत की दुकान में मिलता है 'नफरत और भारत विरोध' का सामान : ब्रजेश पाठक

**एजेंसी, लखनऊ।** भाजपा नेता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि राहुल गाँधी की तथाकथित मुहब्बत की दुकान में केवल और केवल 'नफ़रत, अराजकता, दंगा और भारत विरोध' का सामान मिल रहा है। बीजेपी के सूबाई दफ्तर में मीडिया से मुखातिब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने झूठ की राजनीति के उस स्तर को छू लिया है, जहाँ से वापसी संभव नहीं है। जिस प्रकार के अनर्गल और तथ्यहीन आरोप राहुल गांधी हर दिन प्रधानमंत्री मोदी जी और भारत सरकार पर लगाते हैं और सोशल मीडिया पर विष-वमन करते हैं, वह न केवल निंदनीय हैं बल्कि 'राष्ट्रद्रोह' की श्रेणी में आता है। आज देश देख रहा है कि राहुल गांधी की राजनीति का स्तर किस कदर गिर चुका है। उनका एकमात्र उद्देश्य अब झूठ पर झूठ बोलना, जनता को उकसाना, अराजकता फैलाना और भारत की ताकत को नीचा दिखाना रह गया है। जब भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है, तब एआई ग्लोबल समिट में कांग्रेस नेताओं ने नंगा नाच कर न केवल देश की गरिमा को तार-तार किया बल्कि देश को दुनिया में बदनाम करने की साजिश रची। आज राहुल गाँधी ने इस 'नंगा नाच' का समर्थन कर इन नंगे कांग्रेसियों को बब्बर शेर कहा है। राहुल गांधी द्वारा इस कृत्य का समर्थन करना यह सिद्ध करता है कि इस पूरी पटकथा के सूत्रधार वही हैं। विरोध लोकतंत्र का हिस्सा है लेकिन विरोध के नाम पर 'नग्नता' और 'अराजकता' का सहारा लेना भारतीय संस्कृति और भारत की महान विरासत के खिलाफ है। राहुल का मतलब रा-रार, हु - हुड़दंग, ल-लफंगई। देश की जनता अराजकता फैलाने वाली इस नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी। विदेशी प्रोपेगेंडा मशीनों के कंधे पर बंदूक रखकर भारत के प्रधानमंत्री पर कीचड़ उछालना राहुल गाँधी की पुरानी आदत है। लेकिन याद रखिए, सूरज पर थूकने से खुद का चेहरा ही गंदा होता है। देश की जनता अराजकता फैलाने वाली नकारात्मक राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

## पश्चिम बंगाल की अदालतों को उड़ाने की धमकी पर मुख्य सचिव ने कहा : न्यायाधीशों की सुरक्षा के लिए राज्य प्रतिबद्ध

**एजेंसी, कोलकाता।** राज्य के विभिन्न अदालतों को विस्फोट की धमकी मिलने के बाद मंगलवार अपराह्न राज्य सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक के पश्चात मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने स्पष्ट किया कि न्यायाधीशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिला न्यायाधीश अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और उन्हें हर प्रकार की सुरक्षा व सहयोग प्रदान किया जाएगा। मंगलवार को दिन बढ़ने के साथ अदालतों में कार्य जारी था, तभी अचानक कई अदालतों को विस्फोट की धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ। इनमें सिटी सिविल कोर्ट, आसनसोल जिला न्यायालय, दुर्गापुर महकमा न्यायालय तथा मुर्शिदाबाद जिला न्यायाधीश न्यायालय शामिल हैं। सूचना मिलते ही एहतियातन अदालत परिसरों को खाली करा लिया गया और पुलिस ने श्वान दस्ते की सहायता से सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसे लेकर मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा, कोलकाता के पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार तथा पुलिस महानिदेशक पीयूष पांडे ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित किया और लोगों से अनावश्यक रूप से भयभीत न होने की अपील की। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद बड़ी संख्या में न्यायाधीश वर्तमान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं। इस संदर्भ में पूछे गए प्रश्न पर मुख्य सचिव ने कहा कि दोनों घटनाओं के बीच किसी संबंध की पुष्टि नहीं हुई है।

## भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने संजय सरावगी की माता को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, पटना/दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार को दरभंगा पहुंचे। वे दरभंगा शहर से भाजपा विधायक-सह प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की दिवंगत माता जी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए और उन्हें नमन किया। इससे पहले मिथिला की सांस्कृतिक राजधानी दरभंगा हवाईअड्डे पर उनके पहुंचते ही 'जय श्री राम', 'भारत माता की जय' और 'नितिन नवीन जिंदाबाद' के नारों से माहौल गूंज उठा। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने आगे बढ़कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। उन्हें फूल-मालाएं पहनाई गई और शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया।

## भारतीय पर्वतारोहियों ने दक्षिण अमेरिका की माउंट एकांकागुआ पर फहराया तिरंगा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय पर्वतारोहियों के छह सदस्यीय दल ने दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे शिखर और एशिया के बाहर दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट एकांकागुआ पर फतह हासिल कर ली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह दल 5 फरवरी को हरी झंडी दिखाकर दिल्ली से रवाना किया था, जिसने 22 फरवरी को दोपहर 2:10 बजे सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। उत्तरकाशी के नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (एनआईएम) और पहलगाम के जवाहर पर्वतारोहण एवं शीतकालीन खेल संस्थान (जेआईएम एंड डब्ल्यूएस) की ओर से यह संयुक्त अभियान संचालित किया गया। नई दिल्ली से रवाना हुए छह सदस्यीय दल में कर्नल हेमचंद्र सिंह, कैप्टन जी संतोष कुमार, दीप बहादुर साही, विनोद गुसैन, नायब सिपाही भूपिंदर सिंह और हवलदार रमेश कुमार हैं। इन सभी ने दक्षिण अमेरिका के सबसे ऊंचे शिखर और एशिया के बाहर दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट एकांकागुआ पर तिरंगा फहराकर भारतीय पर्वतारोहण के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कर्नल हेमचंद्र सिंहके नेतृत्व में यह दल 8 फरवरी को अर्जेंटीना पहुंचा और वहां से अपनी चढ़ाई शुरू की और 22 फरवरी को दोपहर 2:10 बजे सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। इस दल ने माउंट एकांकागुआ की बेहद कठिन परिस्थितियों का सामना करने से पहले वातावरण के अनुकूल ढलने के लिए बोनेट पीक (5,050 मीटर) पर विजय प्राप्त की।

## अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**एजेंसी, लखनऊ।** यौन उत्पीड़न के आरोप का सामना कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अब अपनी अग्रिम जमानत के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दस्तक दी है। एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य ने उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। शंकराचार्य ने अधिवक्ता राजर्षि गुप्ता, सुधांशु कुमार और श्री प्रकाश के जरिए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई है।

जल्द ही इस पर सुनवाई हो सकती है। दरअसल, तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने 173 (4) के तहत जिला कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी।

## एआई शिखर सम्मेलन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन की प्रबुद्ध वर्ग ने की निंदा




**एजेंसी, नई दिल्ली।** एआई शिखर सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन की देश के प्रबुद्ध वर्ग और पूर्व वरिष्ठ नौकरशाहों ने कड़ी निंदा करते हुए इसे राष्ट्रीय गरिमा के साथ विश्वासघात बताते हुए पत्र जारी कर विरोध दर्ज कराया है। इस घटना को राष्ट्रीय गरिमा के साथ विश्वासघात बताते हुए करीब 277 हस्ताक्षर कर्ताओं ने पत्र जारी कर विरोध दर्ज कराया है। इनमें उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश, पूर्व राज्यपाल, पूर्व डीजीपी, पूर्व सचिव, पूर्व राजनयिक और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं। पत्र में कहा गया है कि जब दुनिया के शीर्ष तकनीकी नेता, वैश्विक सीईओ और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भारत को भविष्य का प्रमुख वास्तुकार मानते हुए यहां आए थे, तब इस तरह का प्रदर्शन देश की छवि को धूमिल करने वाला है। इसे एक पूर्व नियोजित और अस्वीकार्य कृत्य बताया गया है, जिसमें सुरक्षित अंतरराष्ट्रीय स्थल पर प्रवेश कर अराजकता फैलाने की कोशिश की गई।

इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व न्यायमूर्ति एसएन ढींगरा, पूर्व न्यायमूर्ति बीसी पटेल, पूर्व न्यायमूर्ति एम.एम. कुमार, पूर्व न्यायमूर्ति सुब्रतो मुखर्जी, पूर्व डीजीपी प्रकाश सिंह, पूर्व आईएएस अधिकारी अमिताभ कांत, पूर्व रॉ प्रमुख संजीव त्रिपाठी, पूर्व एनआईए निदेशक योगेश चंद्र मोदी और कई पूर्व राजदूत शामिल हैं।

# श्री मां उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** श्री मां उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर द्वारा श्री मां आईटीआई के प्रांगण में एवं वार्षिकोत्सव मनाया गया द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक बलरामपुर सदर पलटू राम जी ने विद्यालय के संस्थापक डॉक्टर छोटेलाल दीक्षित पूर्व प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोंडा के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला और कहां की बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाइए भले ही एक रोटी कम खाइए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अमित दीक्षित जी ने शिक्षा के महत्व और जीवन यापन के लिए शिक्षा की आवश्यकता बताते हुए पिताजी के दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की मदद करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति, शिक्षा का व्यवसाय कारण, वृद्धाश्रम जैसी समस्याओं का नाट्य मंचन किया गया। कई तरह के कार्यक्रम बच्चों ने प्रस्तुत किया।

# दो दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों को दी गई विस्तृत जानकारी

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण अधिकारी श्री अश्वनी दीक्षित उपनिदेशक जनगणना की अध्यक्षता में दो दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी आयोजित होने वाले जनगणना कार्यों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं विस्तृत जानकारी प्रदान किया जाना। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण अधिकारी अश्वनी दीक्षित ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह शासन की नीतियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों की आधारशिला है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता, निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित करें।



प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा जनगणना की प्रक्रिया, प्रपत्रों के सही तरीके से संधारण, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनगणना कार्य को टीम भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कर जनपद को उत्कृष्ट प्रदर्शन की श्रेणी में लाने में सहयोग प्रदान करें।

इस अवसर पर समस्त अधिशासी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायत सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कर्नलगंज पुलिस ने मुख्य हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** दिनांक 22.02.2026 को थाना कर्नलगंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत सुदईपुरवा दत्तनगर में दो पक्षों में जो आपस में सगे भाई पट्टीदार है के बीच जमीन के कब्जेदारी को लेकर विवाद व मारपीट हो गयी है जिसमें घायल सुभाष चंद्र मिश्रा पुत्र स्व0 पारसनाथ मिश्रा जी की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई , प्रकरण के सम्बन्ध में थाना कर्नलगंज में मृतक के सगे भाई अरूण मिश्रा पुत्र स्व0 पारसनाथ मिश्रा समेत 04 नामजद व अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर तत्काल आरोपी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु



प्र0नि0 को0 कर्नलगंज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। जिसमें दिनांक 23.02.2025 को थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 03 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा आज दिनांक 24.02.2026 को फरार चल रहे आरोपी अभियुक्त अरूण मिश्रा पुत्र स्व0 पारसनाथ मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# परीक्षित को श्राप सृष्टि का वर्णन के साथ कथा की हुई शुरुआत, झूमे श्रद्धालु

- व्यासपीठ पूजन व आरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा पंडाल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कौड़िया बाजार क्षेत्र के ग्राम पंचायत उसरैना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत शनिवार की सायं भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में आरंभ हुआ। कथा के तीसरे दिन व्यास पंडित विकास कृष्ण शास्त्री अयोध्या धाम के मुखारविंद से परीक्षित श्रॉप एवं सृष्टि का वर्णन एवं सती चरित्र को श्रवण कराया गया चरित्र को श्रवण कराया गया एवं राजा परीक्षित के मोक्ष की प्रेरक एवं मार्मिक कथा का रसपूर्ण वर्णन करते हुए कथा को विश्राम दिया। कथा श्रवण के दौरान पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर नजर आया। कथा व्यास ने राजा परीक्षित का वर्णन करते हुए सच्ची



मित्रता, त्याग और निष्काम भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा परीक्षित है में । कथा के माध्यम से उन्होंने यह भी कहा कि सच्ची भक्ति में अपेक्षा नहीं, समर्पण होता है। इसके पश्चात राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए भागवत श्रवण की महिमा और जीवन के अंतिम क्षणों में ईश्वर स्मरण के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत मानव जीवन को दिशा देने वाला दिव्य ग्रंथ है, जिसका श्रवण आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। राजा परीक्षित के कथा के दौरान लक्ष्मण प्रसाद तिवारी ने अपनी पत्नी श्रीमती विमला देवी के साथ विधि-विधान से व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। आरती के समय पूरा पंडाल भक्ति गीतों और जयघोष से गूंज उठा। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर मुख्य जजमान लक्ष्मण प्रसाद तिवारी, श्रीमती विमला तिवारी, बिंदु तिवारी, आरती तिवारी, प्रदीप तिवारी, अरुणतिवारी, महान शक्ति सिद्धार्थ शुक्ला, प्रधान उत्तमचंद दुबे, अनिल कुमारतिवारी, अमरेश कुमार तिवारी, ननऊ तिवारी , दादू शुक्ला लंबरदार पांडे अभय तिवारी वैभव तिवारी अतुल पांडे ननके साहू के साथ-साथ छोटे पंडित महाराज आचार्य विजय ? दीक्षित , ढोलक बजन भोलू तिवारी, पेडबाजक अजय जायसवाल, अरगन बाजक , राधे राधे जी,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हार्टअटैक से दारोगा की मौत, कार में बिगड़ी थी तबीयत



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पुलिस लाइन में तैनात उप निरीक्षक हरेंद्र यादव का सोमवार शाम हार्टअटैक से निधन हो गया। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोरखपुर जिले के निवासी 58 वर्षीय हरेंद्र यादव पुत्र संत प्रसाद बहराइच में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। सोमवार को वे अपने ड्राइवर के साथ कार में बैठे थे, तभी उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा और वे बेहोश हो गए।

# कहीं 2027 का विधानसभा चुनाव प्रभावित न कर दें, जिले के बेलगाम अधिकारी

- किसी के भी फोन उठाने से कतराते हैं, आला अधिकारी

**नरेंद्र लाल गुप्ता**

**गोण्डा।** जिले में जो भी अधिकारी हैं, वे न तो सेवानिवृत्त कर्मियों के फोन उठाते हैं न ही समाजिक कार्यकर्ताओं के तो आम आदमी की तो बात ही छोड़ दीजिए। ऐसा इसलिए लिखना पड़ रहा है क्योंकि जिले की आला अधिकारी जिनको हम जिलाधिकारी कहते हैं और उनसे अगर दूरभाष पर बात करना है तो टेढ़ी खीर है, क्योंकि जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सभी अधिकारियों को सीयूजी दे रखा है यदि कोई बात करना हो तो वे स्वयं फोन अटेंड करें और अमुख व्यक्ति को जानकारी दें, किंतु अधिकारी





सीयूजी फोन रखना अब अपनी तौहीन समझने लगे हैं। इसी कारण सभी अधिकारी अपने-अपने सीयूजी अपने अर्दलियों को फोन दिए रहते हैं। जब भी फोन किया जाता है तो जवाब मिलता है कि साहब अभी मीटिंग में हैं। इस बात को लिखने का मकसद यह है कि जिले में अभी हाल ही में आए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस.एल. पटेल जिनके बारे में जिले वालों को लगता था कि जिले को एक अच्छे अधिकारी मिले हैं, किंतु सच्चाई कुछ और ही लगता है। अभी हाल में ही उन्होंने जिले के मेडिसन हॉस्पिटल को सीज करने की नोटिस दिया और बाद में उस पर कोई कार्रवाई नहीं किया। कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि मेडिसन के प्रबंधक न्यायालय में चले गए हैं। दूसरा ममला कटरा के आर.डी.पांडेय हॉस्पिटल को इन्होंने सीज किया। तत्पश्चात दो दिन बाद ही उसे काम करने की अनुमति दे दी। इन दोनों हॉस्पिटल के बारे में यह कहना है कि मेडिसन हॉस्पिटल में लगभग पाच माह पहले एक महिला की बच्चे को जन्म देने के बाद मौत हो गई थी। जिसको लेकर सीएमओ साहब ने मेडिसन हॉस्पिटल के प्रबंधक को हॉस्पिटल सीज करने की नोटिस दी थी। इसी प्रकार कटरा में भी आरडी पांडेय अस्पताल में बच्चे को जन्म देकर एक महिला की मौत हो गई थी। सीएमओ साहब ने आनंन फानन मे उस अस्पताल को भी सीज कर दिया। किंतु अब कौन सा मामला बीच मैं आ पड़ा कि उन्होंने कटरा के अस्पताल को भी काम करने की अनुमति दे दी। मीडिया कर्मी जब भी बात करने के लिए दूरभाष पर संपर्क करना चाहते हैं तो फोन को बिजी कर दिया जाता है और यदि उनसे आमने-सामने मिलकर बात करना होता है तो उनका जवाब होता है अभी मैं व्यस्त हूं।

## खबरें एक नजर में

### डीएम के जनता दर्शन में वर्षों पुरानी राजस्व समस्या का तुरंत निस्तारण

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन जनसुनवाई एवं जनता दर्शन का आयोजन कर आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। प्रशासन की इसी संवेदनशील पहल का सकारात्मक परिणाम तब देखने को मिला, जब तहसील उतरौला के ग्राम चवई बुजुर्ग निवासी बुजुर्ग राम लखन पुत्र चिन्ने की वर्षों पुरानी समस्या का त्वरित निस्तारण किया गया। दिनांक 16 फरवरी को जनता दर्शन में बुजुर्ग राम लखन ने जिलाधिकारी महोदय के समक्ष अपनी परेशानी रखते हुए बताया कि उनका नाम खतौनी में दर्ज नहीं हो पाया है, जिससे उन्हें राजस्व संबंधी कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। बुजुर्ग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी महोदय ने तत्काल संज्ञान लिया और उपजिलाधिकारी उतरौला को मौके पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में एसडीएम उतरौला द्वारा राजस्व टीम के माध्यम से जांच कराई गई, जिसके बाद नियमानुसार प्रार्थी का नाम खतौनी में दर्ज कर दिया गया। समस्या के त्वरित समाधान से बुजुर्ग को बड़ी राहत मिली और उन्होंने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पहल जनपद प्रशासन की संवेदनशीलता, जवाबदेही और 'समस्या का समयबद्ध समाधान' की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासन न केवल शिकायतें सुन रहा है, बल्कि उन्हें मौके पर हल कर आमजन के विश्वास को भी मजबूत कर रहा है।

### एसआईआर मतदाता सूची में नाम मिस मैच पाये जाने पर लेखपाल व बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को नोटिस तामील कराया गया



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** रेहरा बाजार क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुबारकपुर में मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम मिसमैच होने पर लेखपाल एवं बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को नोटिस तामील कराया गया, लेखपाल एवं बीएलओ ने घर घर जाकर लोगों को इसके बारे में अवगत कराया और समस्याओं के निस्तारण के लिए सभी जरुरी डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के लिए कहा गया , मगर नेटवर्क की समस्या होने पर सभी कर्मचारी एवं मतदाताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिससे समय पर लोगों का वेरिफिकेशन नहीं हो पा रहा है लेखपाल राजेश कुमार श्रीवास्तव से जब इसके बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया की मोबाइल में नेटवर्क की समस्या होने पर लोगों का वेरिफिकेशन नहीं हो पा रहा है जिससे मतदाताओं को एवं कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए समय पर मतदाताओं का वेरिफिकेशन नहीं हो पा रहा है अगर ऐसे ही नेटवर्क की समस्या बनी रही तो एस0आई0आर प्रक्रिया पूरी होने में काफी समय लग सकता है।

### रमजान और होली के बीच सजा बाजार, बढ़ती मांग के साथ मिलावट की आशंका भी तेज

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला नगर में इन दिनों त्योहारों का रंग एक साथ दिखाई दे रहा है। एक ओर पवित्र माह रमजान की रौनक है तो दूसरी ओर होली के पर्व को लेकर बाजारों में चहल-पहल तेज हो गई है। मुख्य बाजार से लेकर मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों तक दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। मिठाइयों, गुझिया, नमकीन, खोया, पनीर, वनस्पति घी और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग में अचानक वृद्धि दर्ज की जा रही है। कारोबारी भी बढ़ती मांग को देखते हुए उत्पादन बढ़ा चुके हैं और अस्थायी स्टॉल तक सज गए हैं। त्योहारों की इस संयुक्त रौनक के बीच मिलावटखोरी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। विदित हो कि पिछले वर्ष होली और दीपावली के मौसम में उतरौला बाजार तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों में संबंधित विभाग द्वारा छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में मिलावटी मावा और मिठाइयों का जखीरा पकड़ा गया था। जांच के बाद उस सामग्री को जब्त कर नष्ट भी किया गया था। इस कार्रवाई ने बाजार में हड़कंप मचा दिया था, लेकिन साथ ही यह भी उजागर हुआ था कि त्योहार के समय मिलावट का कारोबार सक्रिय हो जाता है। अब एक बार फिर वही सवाल उठ रहा है कि क्या इस बार बाजार पूरी तरह शुद्धता की गारंटी दे पाएगा? क्या उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित मिठाइयां मिल सकेंगी? बढ़ती मांग के चलते उत्पादन में तेजी आई है। और ऐसे समय में कुछ असामाजिक तत्व अधिक मुनाफा कमाने के लिए गुणवत्ता से समझौता कर सकते हैं।

# गल्ला मंडी में सामूहिक विवाह पर बवाल, करोड़ों की व्यवस्था, मेहमान रहे बेहाल

- भव्य समारोह अब गंभीर सवालों के घेरे में

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के नाम पर गल्ला मंडी में आयोजित भव्य समारोह अब गंभीर सवालों के घेरे में है। 711 जोड़ों का विवाह जरूर संपन्न कराया गया, लेकिन खानपान की कथित बदइंतजामी ने पूरे आयोजन की चमक फीकी कर दी। आरोप है कि प्रत्येक जोड़े से 15-15 हजार रुपये व्यवस्था के नाम पर काटे गए। इस हिसाब से कुल करीब 1 करोड़ 6 लाख 65 हजार रुपये की रकम बनी। लेकिन इतने बड़े बजट के बावजूद हालात ऐसे रहे कि वर-वधू के परिजन थाली लेकर इधर-उधर भटकते दिखाई दिए। कई लोगों को भोजन नहीं मिला, तो कुछ को घंटों इंतजार करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंच पर भाषण और प्रचार-प्रसार तो भरपूर हुआ, लेकिन जमीनी इंतजाम ढह गए। सवाल उठ रहा है कि जब करोड़ों रुपये की



व्यवस्था बताई जा रही है तो फिर खाने जैसी बुनियादी सुविधा क्यों चरमरा गई? इस आयोजन के व्यवस्थापक के रूप में मिहींपुरवा विकासखंड अधिकारी विनोद यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। ऐसे में उंगलियां सीधे प्रबंधन पर उठ रही हैं। लोगों की मांग है कि पूरे खर्च का हिसाब सार्वजनिक किया जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि आखिर इतनी बड़ी धनराशि के बावजूद अव्यवस्था क्यों हुई। परिजनों में आक्रोश है। उनका कहना है कि सरकार की मंशा पर सवाल नहीं, लेकिन स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारों की लापरवाही ने योजना की छवि धूमिल कर दी। अब बड़ा सवाल यह है—क्या मामले की निष्पक्ष जांच होगी और जवाबदेही तय होगी, या फिर करोड़ों की यह व्यवस्था सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह जाएगी?

## गल्ला मंडी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का भव्य आयोजन

### 711 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** गल्ला मंडी परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य वैवाहिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 711 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इनमें बहराइच नगर पालिका व मिहींपुरवा नगर पंचायत क्षेत्र के 19 जोड़े शामिल रहे, जबकि दूसरे पंडाल में मुस्लिम समुदाय के 124 जोड़ों का निकाह संपन्न कराया गया। जनपद के 11 ब्लॉकों से आए जोड़ों और उनके परिजनों ने प्रदेश सरकार की योजना की सराहना की। समारोह में मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर व पूर्व सांसद अक्षेवर लाल गौंड मौजूद रहे। अतिथियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम में विवाह से पूर्व वर-वधू पक्ष का पंजीकरण कराया गया। इसके बाद बायोमैट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की गई। परिसर में विवाह के लिए कई वेदियां बनाई गई थीं। प्रत्येक वेदी पर पांच जोड़ों को बैठाकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह की रस्में पूरी कराई गई। निकाह के लिए अलग पंडाल की व्यवस्था की गई थी। समारोह में झांकी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। सभी आगंतुकों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल, मिहींपुरवा ब्लॉक प्रमुख सौरभ वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पांडे समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



### मौसम के उतार-चढ़ाव से बढ़ा वायरल संक्रमण, सीएचसी में मरीजों की भीड़

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से मौसम का मिज़ाज तेजी से बदल रहा है। दोपहर में तेज धूप और शाम होते ही बढ़ती ठंड ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। तापमान में अचानक हो रहे उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसका परिणाम यह है कि क्षेत्र में वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम और खांसी के मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार पिछले एक सप्ताह में वायरल संक्रमण के मामलों में तेजी आई है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 500 से 600 मरीज ओपीडी में पंजीकरण करा रहे हैं, जिनमें एक बड़ा हिस्सा सर्दी, जुकाम, बुखार और संबंधित लक्षणों से पीड़ित है। खासकर छोटे बच्चे, बुजुर्ग तथा कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीज गले में खराश, नाक बहना, बदन दर्द, तेज या हल्का बुखार, खांसी और सिर दर्द जैसी शिकायतें बता रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में अचानक बदलाव के कारण शरीर का ताप संतुलन प्रभावित होता है। दिन में गर्मी और शाम को ठंड के कारण शरीर को अनुकूलन के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता, जिससे वायरल संक्रमण तेजी से फैलता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ सीपी सिंह के अनुसार इस तरह का संक्रमण प्रायः मौसमी होता है, लेकिन लापरवाही बरतने पर यह गंभीर रूप ले सकता है।

विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में डिहाइड्रेशन, कमजोरी या सांस संबंधी दिक्कतें बढ़ने का खतरा रहता है।

# एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से सरकारी चकमार्ग हुआ कब्जा मुक्त



- सुबह जनसुनवाई में प्राप्त हुई शिकायत का तत्काल हुआ निस्तारण
- एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने राजस्व टीम को मौके पर भेज कर हटवाया कब्ज़ा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की जनसुनवाई में एक शिकायत प्राप्त हुई कि ग्राम अंबरपुर की गाटा संख्या 112 एवं 110 जोकि राजस्व अभिलेखों में सरकारी चकमार्ग के रूप में दर्ज है, पर अवैध कब्जा करके फसल बोई गई है। जिसके कारण ग्रामवासियों को अपने अपने खेतों पर आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है। शिकायत का त्वरित संज्ञान लेने वाली एसडीएम ने एसडीएम ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर स्वयं प्रकरण की मॉनिटरिंग की। राजस्व टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण एवं अभिलेखों के सत्यापन में चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण की पुष्टि होने पर एसडीएम के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर से जुताई कर सरकारी चकमार्ग को कब्जामुक्त कराया गया। प्रशासन की इस तत्पर कार्रवाई से ग्रामीणों को पुनः आवागमन की सुविधा सुचारु रूप से उपलब्ध हो सकी। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने बताया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी भूमि, चकमार्ग अथवा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में तत्काल नियमानुसार कार्रवाई अमल में लायी जाय।

## सड़क हादसे में दो बच्चों के बाद पिता की मौत

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नानपारा-बहराइच मार्ग पर रविवार शाम एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में मौके पर ही दो मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल पिता और एक अन्य मासूम को इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया था, जहां देर रात पिता ने भी दम तोड़ दिया। रामगांव थाना क्षेत्र के सोहरवा गांव निवासी रामकुमार अपने पुत्र प्रिंस (6), पुत्री प्रीतम (3) और राखी (4) को लेकर ससुराल से घर लौट रहे थे।

# अब रोबोट करेगा हड्डियों का ऑपरेशन

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शहर के पुलिस लाइन रोड स्थित रेम्बो हॉस्पिटल में मंगलवार को देवीपाटन मंडल का पहला रोबोटिक ओपरेशन किया गया।रोबोट द्वारा परसपुर मटेरा के रहने वाले 69 वर्षीय मोहब्बत अली के घुटनो का सफल ऑपरेशन किया गया। ये ऑपरेशन नी रिप्लेसमेंट के



लिए किया गया है। रेनबो हॉस्पिटल के निदेशक डॉ सोमनाथ मौर्य ने बताया कि ये ऑपरेशन आर्थोपेडिक डॉ विकास मिश्रा और उनकी टीम की देखरेख में किया गया है। उन्होंने बताया कि ये रोबोटिक सर्जरी काफी महंगी है लेकिन आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मरीज का इलाज पूरी तरह निःशुल्क किया गया है।


## कार्यालय नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच

पत्रांक-संख्या 264 / न0प0रि0/2025 दिनांक- 24.02.2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतत् द्वारा अर्ह ठेकेदार/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच में जनहित व निकायहित में निम्न कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 25.02.2026 से दिनांक 06.03.2026 तक अपरान्ह 02 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 06.03.2026 को सायं 04 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। इच्छुक अर्ह ठेकेदार/ फर्म निविदा में सील बन्द लिफाफे के साथ उक्त समय के भीतर प्रतिभाग कर सकते हैं। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। बिना कारण बताये किसी भी निविदा/समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा धनराशि | निविदा मूल्य मय जी.एस.टी. | जमानत धनराशि 10 प्रतिशत | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत रिसिया के वार्ड देवीपुरा में प्राथमिक विद्यालय प्रथम के सामने तालाब में मिट्टी पटाई का कार्य। | 382606 | 496 | 38680 | 01 माह |
| 2. | नगर पंचायत रिसिया के ग्राम चफरिया में एम.आर.एफ. सेन्टर के सामने भूमि पर मिट्टी पटाई का कार्य। | 484020 | 627 | 48402 | 01 माह |

**नियम व शर्तें-**

1. निविदादाता द्वारा प्रत्येक कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत राशि एवं निविदा मूल्य को कार्यवार अलग-अलग डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ.डी.आर के माध्यम से निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
2. निविदादाता को जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र चरित्र प्रमाण पत्र (जो निर्धारित समयावधि के अन्दर) एवं निर्माण कार्यों हेतु किसी भी विभाग में फर्म के पंजीकरण होने का प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र तथा 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित शपथ पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
3. ठेकेदार/फर्म का जी.एस.टी. एवं श्रम विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
4. प्राप्त न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त न्यूनतम निविदादाता को अनुबन्ध से पूर्व नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच में पंजीकरण कराना होगा। तदोपरान्त नियमानुसार कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
5. प्रत्येक कार्य हेतु कम से कम तीन-तीन निविदायें समस्त औपचारिकतायें सहित प्राप्त होने पर ही न्यूनतम निविदा की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।
6. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
7. निविदा की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत रिसिया के निर्माण अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
8. प्राप्त किसी भी ई-निविदा को अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी ठेकेदार/फर्म द्वारा कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. निविदा मूल्य नान रिफण्डेबल होगा।
10. समस्त कार्य हेतु स्वीकृत आगणन के अनुसार ही स्थल पर मानक के अनुरूप परक कार्य निविदादाता को कराना होगा।
11. स्वीकृति कार्यों को अनुमोदित आगणन की धनराशि पर ही पूर्ण कराना होगा।
12. न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त निर्गत कार्यादेश के अनुसार स्थल पर निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर न्यूनतम निविदादाता को पूर्ण कराना होगा।
13. उपरोक्त समस्त शर्तों का पालन ठेकेदार / फर्म को करना होगा अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रिसिया**
**बहराइच**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रिसिया**
**बहराइच**

# लोहिया संस्थान में 24.86 करोड़ से बनेगा रैन बसेरा

## राज्यपाल और डिप्टी सीएम ने किया भूमि पूजन



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के शहीद पथ स्थित राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में रोगियों और उनके परिजनों को ठहरने के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। रोगियों और परिजनों के लिए परिसर में रैन बसेरा भवन बनेगा। मंगलवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रैन बसेरा का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। साथ ही डायग्नोस्टिक सेवाओं का भी उद्घाटन हुआ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में लगातार स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो रही हैं। रोगियों को उनके घर के निकट इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए नए अस्पताल व मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के राम प्रकाश गुप्ता मेमोरियल मातृ एवं शिशु रेफरल चिकित्सालय में रोगियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में रोगियों को उच्च कोटि का इलाज मिल सके, इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। अभी तक रेफरल चिकित्सालय के रोगियों को सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड जैसी आवश्यक जांचों के लिए अन्य परिसर अथवा दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता था। जिससे इलाज में विलम्ब होता था। डायग्नोस्टिक सुविधाओं को मातृ शिशु चिकित्सालय में बढ़ाया जाएगा ताकि एक ही स्थान पर रोगियों को इलाज के साथ जांच की सुविधा भी मिल सके। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि 24.86 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले पीआरए भवन का भूमि पूजन राज्यपाल ने किया। लगभग 510 बेड क्षमता वाले इस पीआरए-रैन बसेरा भवन का निर्माण होगा। इससे दूर-दराज से आने वाले रोगियों के परिजनों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक ठहराव की सुविधा प्राप्त होगी। इसमें कुल 45 कमरों में 90 बेड की व्यवस्था होगी। साथ ही डॉरमेटरी में 420 बेड की उपलब्धता होगी। रसोई, डायनिंग हॉल, लॉन्ड्री, 2 लिफ्ट, भोजन व्यवस्था, लिफ्ट तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का समुचित प्रावधान किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि शहीद पथ स्थित कैंपस में 1000 बेड के ब्रॉड स्पेशियलिटी सेवाओं का अस्पताल स्वीकृत हो गया है। यहां 100 शैय्या के क्रिटिकल केयर ब्लॉक हास्पिटल का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। साथ ही 888 कमरों का ब्वायज और गर्ल्स हॉस्टल का कार्य भी प्रगति में है।

# होली पर्व पर 28 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

**एजेंसी, लखनऊ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने होली के पर्व पर अत्यधिक बसों की व्यवस्था कराने एवं प्रोत्साहन योजना के संबंध में निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि होली पर्व से कुछ दिन पूर्व एवं इसके बाद तक देश एवं प्रदेश के अन्य हिस्सों से अपने घर लोग पर्व मनाने जाते हैं। 28 फरवरी से 9 मार्च तक अतिरिक्त बसों की सुचारू व्यवस्था की जाए, जिससे कि यात्रियों को होली पर्व के दौरान यात्रा में किसी प्रकार की असुविधा न हो। परिवहन मंत्री ने कहा कि गाजियाबाद,दिल्ली एवं पश्चिमी क्षेत्रों से लोग ज्यादा यात्रा करते हैं, जिसके दृष्टिगत इन क्षेत्रों में बसों, कर्मचारियों की संख्या आवश्यकतानुसार निर्धारित करते हुए पहले से ही तैयारी कर ली जाए। प्रारम्भिक प्वाइंट से 60 प्रतिशत यात्री लोड मिलता है तो पूर्वी क्षेत्र के अधिकारी होली पर्व अवधि में अतिरिक्त सेवाओं के संचालन की व्यवस्था करें। शत-प्रतिशत निगम बसों को आनरोड किया जाए व निरन्तर चलाये जाने की व्यवस्था आवश्यतानुसार की जाए। पर्व अवधि में अनुबंधित बसों को अवकाश न दिया जाए। वाहन स्वामी अपने वाहनों की मरम्मत कार्य कराकर संचालन के लिए अपनी बसें उपलब्ध करायें। जाम,दुर्घटना के फलस्वरूप अवरूद्ध संचालन को क्षेत्रीय प्रबंधक सुचारू बनाये रखने की तैयारी कर लें और तत्काल यात्रा सुनिश्चित करायें, जिससे कि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। प्रवर्तन दल निरन्तर क्षेत्र में ड्यूटी पर उपलब्ध रहें। चालकों परिचालकों का ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट किया जाए, जिससे कि यात्रियों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध हो। बसों के कल-पुर्जे, खिड़कियों के शीशे इत्यादि लगे होने के साथ सीटों की स्थिति अच्छी होनी चाहिए। फायर सेफ्टी उपकरण भी बसों में मौजूद हो। उन्होंने बस एवं बस स्टेशनों पर साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था रखने के विशेष निर्देश दिये, जिससे कि यात्रियों को यात्रा के दौरान बेहतर एवं सुखद यात्रा मिले।



- उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को 3600 से लेकर 4500 रुपये तक मिलेगी प्रोत्साहन राशि : दयाशंकर

## खबरें एक नजर में

### स्कॉर्पियो रुकवाकर रॉड, कुर्सी-टेबल से पीटा, घायल युवक आईसीयू में भर्ती

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में शहीद पथ स्थित एक रेस्टोरेंट के बाहर देर रात दो पक्षों में बवाल हो गया। कुछ दबंगों ने हॉर्न बजाने पर स्कॉर्पियो पर तोड़फोड़ की। उस पर सवार युवक पर क्रेटा कार चढ़ा दी। सिर पर रॉड और कुर्सी-टेबल से पीट दिया। घायल पीड़ित युवक आईसीयू में भर्ती है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आशियाना एलडीए कॉलोनी सेक्टर-I निवासी पीड़ित नमन भटियानी ने बताया कि वह अपने दोस्त तुषार त्यागी (निवासी सनराइज ओमेक्स आर-1) के साथ रात करीब 2.30 बजे शहीद पथ स्थित कालिका रेस्टोरेंट पर खाना खाने गए थे। वहीं पर कुछ युवकों ने केवल हॉर्न बजाने पर उसे मारा-पीटा। आरोप है कि उनकी गाड़ी का हॉर्न बजाने पर वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपियों ने कुर्सी-टेबल और अन्य सामान से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में तुषार त्यागी के सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गए। नमन भटियानी ने आरोप लगाया कि उनके सिर पर लोहे के रॉड से वार किया गया था। आरोप है कि इसी दौरान एक व्यक्ति ने अपनी क्रेटा कार (यूपी 32 एसएम 3402) तुषार त्यागी के ऊपर चढ़ा दी। किसी तरह घायलों को कार में डालकर अस्पताल ले जाया गया। पहले उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर बाद में अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां तुषार इस समय आईसीयू में उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपितों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले की जांच जारी है।

### कोयला चबा कर दाँत माँझने से रोज़ा नही टूटता है

**एजेंसी, लखनऊ।** रमजान हेल्पलाइन देश में इस किस्म की पहली हेल्पलाइन है। इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया के तहत् दारूल निजामिया फरंगी महल में रोज़ेदारों की दीनी और शरअई रहनुमाई के लिए वर्ष 2001 में रमजान हेल्पलाइन कायम की गयी थी जिसकी मकबूलियत खुदा पाक के करम से आज भी बरकरार है। इस हेल्प लाइन से लोग फोन और म.उंपस के जरिए रोजा, नमाज, जकात ऐतिकाफ और दूसरे सवालात मुल्क और बाहर के मुल्कों से भी करते है। इन सवालात के जवाब मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा का एक पैनल देता है, लोग इन नम्बरों 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677 और वेब साइट पर सवाल पूछ सकते है।

सवालः 1 एक शख्स का पेशा रोटी पकाना है वह दिन भर आग की भट्टी के पास रहता है तो क्या वह रोजा छोड़ सकता है? जवाबः 1 नही छोड़ सकता है। अगर प्यास बहुत तेज लगी हो जिसकी वजह से जान के जाने का डर हो तो तोड़ सकता है। सवालः 2 क्या एक ही मस्जिद में अलग अलग मंजिल पर अलग अलग तरावीह की नमाज हो सकती है? जवाबः 2 हो सकती है। लेकिन एक से अधिक मकरूह है। सवालः 3 क्या रोजे की हालत में हिजामा कराना सही है? जवाबः 3 सही है। लेकिन कमज़ोरी का डर हो तो मकरूह है। सवालः 4 हमारे पड़ोस में एक गरीब औरत की बेटी की शादी है तो क्या उसे जकात की रकम दी जा सकती है? जवाबः 4 दी जा सकती है। सवालः 5 किया कोयला चबा कर दाँत माँझने से रोज़ा टूट जाता है? जवाबः 5 रोजा तो नही टूटता है लेकिन ऐसा करना मकरूह है। लेकिन अगर कुछ हलक़ में उतर जाये तो रोज़ा टूट जायेगा।

### इलेक्ट्रीशियन ने फांसी लगाई, डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

**एजेंसी, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में एक 27 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने उसे आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। नरही राधा कृष्ण मंदिर लेन निवासी सुमित कश्यप (27) प्राइवेट इलेक्ट्रीशियन था। उसके पिता अशोक कश्यप ने बताया कि सुमित पिछले कुछ दिनों से काम पर नहीं जा रहा था। उसकी पत्नी कविता पिछले चार माह से अपनी तीन माह की बेटी के साथ चारबाग स्थित मायके में रह रही है। परिजनों के मुताबिक, सोमवार देर रात सुमित किसी काम से घर से बाहर गया था। कुछ देर बाद वह नशे की हालत में लौटा और सीधे अपने कमरे में चला गया। रात करीब 10.30 बजे जब पिता अशोक उसे खाना खाने के लिए बुलाने गए तो दरवाजा खोलने पर देखा कि वह पंखे के कुंडे में साड़ी के सहारे लटका हुआ है। यह देखते ही उनकी चीख निकल गई।

# भारत-थाईलैंड मैत्री प्रगाढ़, इनबाउंड टूरिज्म को बढ़ावा : जयवीर

- बौद्ध भूमि कुशीनगर बन गया मिनी थाईलैंड
- बुद्ध धातु शोभा यात्रा महापरिनिर्वाण मंदिर से रामाभार स्तूप पर समाप्त



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में मंगलवार को आस्था और बौद्ध संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। थाई मोनेस्ट्री कुशीनगर की ओर से पांच दिवसीय समारोह के अंतिम दिन 17वीं पवित्र श्बुद्ध धातु शोभा यात्राश् हाथी-घोड़े गाजे-बाजे के साथ निकाली गई।शोभायात्रा से संपूर्ण बुद्ध स्थली धम्ममय हो उठी। विशेषकर थाईलैंड से पहुंचे बौद्ध श्रद्धालुओं, भिक्षुओं और पर्यटकों की उपस्थिति ने इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। मुख्य अतिथि महाराज यतींद्र मोहन प्रताप मिश्रा तथा थाई राजदूत चवानाथ थानसून फंट की गरिमामय उपस्थिति के बीच थाईलैंड से आए बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्ध वंदना की। मंगलवार सुबह शोभायात्रा महापरिनिर्वाण मंदिर से निकली, जो रामाभार स्तूप में पूजन-वंदन के बाद संपन्न हुई। थाई बौद्ध धर्म गुरु प्र था थेप बोधियोंग और थाई मंदिर के प्रमुख भिक्षु प्रविडेश्वेरियन डॉ. पी सोम पोंग की देखरेख में विशेष पूजा-अर्चना की गई। शोभायात्रा में थाईलैंड के अलावा नेपाल, तिब्बत, उत्तर प्रदेश, लद्दाख और हिमालयी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे बौद्ध धर्मावलंबियों की गरिमामय उपस्थिति रही। हजारों स्थानीय के साथ 200 से अधिक विदेशी बौद्ध श्रद्धालु पवित्र यात्रा का हिस्सा बने। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्बुद्ध धातु शोभा यात्रा जैसे आयोजन भारत और थाईलैंड के बीच सांस्कृतिक सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा देने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सद्भाव और सहयोग को भी नई ऊंचाई प्रदान करते हैं। भारत और थाईलैंड के बीच मैत्री संबंध इन आयोजनों के माध्यम से निरंतर प्रगाढ़ हो रहे हैं।श्थाईलैंड से कुशीनगर आये 50 कलाकारों ने पारंपरिक श्सोम पोथा प्र धातश् नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। थाई कलाकारों की सुसज्जित पारंपरिक वेशभूषा, सौम्य भाव-भंगिमाएं और लयबद्ध प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर भारत और थाईलैंड सहित विभिन्न देशों से आए बौद्ध भिक्षुओं एवं उपासकों की उपस्थिति ने आयोजन को अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक एकता का स्वरूप प्रदान किया।श्बुद्ध धातु शोभा यात्राश् के अंतिम दिन कुशीनगर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए शोभायात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान किया। आकर्षक ढंग से सुसज्जित पालकी, कतारबद्ध श्रद्धालुओं की उपस्थिति और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों ने पूरे वातावरण को एक दिव्य उत्सव में परिवर्तित कर दिया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्भगवान बुद्ध की करुणा, शांति और वैश्विक सद्भाव का संदेश आज भी दुनिया भर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को उत्तर प्रदेश की पावन धरा की ओर आकर्षित कर रहा है।

# एफएसडीए टीम ने चारबाग मंडी में 6 कुंतल खोया पकड़ा, 4 नमूने भरे

**एजेंसी, लखनऊ।** चारबाग स्थित राजा खोया मंडी में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की विशेष टीम ने औचक निरीक्षण कर करीब 6 कुंतल संदिग्ध खोया पकड़ा। टीम ने मौके से चार नमूने जांच के लिए एकत्र किए। कारोबारियों को मानक के अनुरूप ही खोया बेचने की हिदायत दी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने राजा खोया मंडी, चारबाग में गाड़ी संख्या यूपी 30 एटी 5446 में रखे लगभग 2 कुंतल खोया और गाड़ी संख्या यूपी 32 जेड 9858 में रखे लगभग 4 कुंतल खोया का निरीक्षण किया। औचक जांच के दौरान टीम ने खोये का भौतिक परीक्षण किया, जिसमें यह सामग्री प्रथम दृष्टया मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई और संदिग्ध प्रतीत हुई। संदेह के आधार पर टीम ने कुल चार नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेज दिए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मौजूद खाद्य कारोबारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे केवल गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुरूप खोया ही मंडी में लाएं और बिक्री करें। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में मिलावटी या घटिया गुणवत्ता का उत्पाद पाया गया तो संबंधित कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# यूपी इकलौता राज्य जहां अब भी जारी रोस्टर व्यवस्था

**एजेंसी, लखनऊ।** केंद्र कानून के तहत कंस्यूमर राइट रूल 2020 की धारा 10 के तहत गांव शहर सबको 24 घंटे बिजली देना है। लेकिन उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य जहां आज भी रोस्टर लागू है।उत्तर प्रदेश में वर्तमान में उत्पादन की कमी नहीं चाहे तो सरकार उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली दे सकती है जो अभी गांव को 18 घंटे दे रही है 5000 मेगावाट से ज्यादा की मशीन बंद है बहुत सी मशीन लो डिमांड में ज्यादातर इकाइयों का फिक्स्ड चार्ज उपभोक्ता भर रहे हैं।उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व केंद्र सहित राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश में बड़ी संख्या में उत्पादन इकाइयों के बंद (शटडाउन) रहने पर गंभीर आपत्ति जताई है। परिषद का कहना है कि जब उपभोक्ताओं से फिक्स्ड चार्ज की वसूली की जा रही है, तब बिजली उत्पादन इकाइयों का लंबे समय तक बंद रहना प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है। परिषद के अनुसार, यूपी में कुल 22 उत्पादन इकाइयाँ रिवर्स शटडाउन, प्लांड शटडाउन अथवा अन्य कारणों से बंद हैं। इनमें अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन दोनों प्रकार की इकाइयाँ शामिल हैं। कई इकाइयाँ लो डिमांड, पीपीए की अनुपलब्धता तथा मेंटेनेंस जैसे कारणों से बंद बताई गई हैं।परिषद ने कहा कि केंद्र द्वारा बनाए गए कानून कंस्यूमर राइट रूल , 2020 की धारा 10 के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रावधान है। ऐसे में यदि उत्पादन इकाइयाँ बंद रहें और प्रदेश में रोस्टर लागू हो, तो यह नियमों की भावना के विपरीत है। परिषद ने प्रमुख तापीय परियोजनाओं की इकाइयों के बंद रहने पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज विद्युत उत्पादन निगम की अनपरा, हरदुआगंज, जवाहरपुर, ओबरा सी और परीछा इकाइयाँटांडा थर्मल की चारों इकाइयाँ (पीपीए न होने के कारण दीर्घकालीन शटडाउन) इसका फिक्स्ड जो उपभोक्ता से नहीं वसूला जा रहा है यह बात सत्य है। विभिन्न निजी क्षेत्र इकाइयाँ, जो लो डिमांड के आधार पर बंद हैं।परिषद का आरोप है कि एक ओर उपभोक्ताओं से फिक्स्ड चार्ज वसूला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उत्पादन इकाइयाँ निष्क्रिय रखी जा रही हैं और प्रदेश में रोस्टर लागू किया जा रहा है। परिषद ने कहा कि केवल उत्तर प्रदेश में रोस्टर लागू होना यह दर्शाता है कि बिजली प्रबंधन में गंभीर खामियाँ हैं। अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मांग की है कि सभी बंद इकाइयों को तत्काल प्रभाव से चालू कराया जाए। यदि इकाइयाँ 'लो डिमांड' के कारण बंद हैं तो रोस्टर तत्काल समाप्त किया जाए।

> उपभोक्ता परिषद ने अधिकतर बिजली इकाइयों के बंद रहने पर उठाए सवाल

# एलयू में तीसरे दिन भी बवाल

- नमाज के विरोध में हनुमान चालीसा पढ़ने गए छात्र हिरासत में



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू में आज लगातार तीसरे दिन भी बवाल जारी है। कैंपस में मुस्लिम छात्रों के नमाज पढ़ने के विरोध में आज दूसरे गुट के छात्र हनुमान चालीसा पढ़ने पहुंचे थे। उनके इकट्ठा होते ही पुलिस भी पहुंच गई। छात्रों को पकड़-पकड़कर गाड़ी में ठूंस दिया। चालीसा पाठ करने गए छात्रों का कहना है कि जब यहां नमाज पढ़ी गई, इफ्तार पार्टी की गई तो कोई कार्रवाई नहीं की गई। आज हनुमान चालीसा पर कार्रवाई क्यों की जा रही है? जिन्होंने यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग पर कुदाल चलाई, उन पर देशद्रोह का मुकदमा होना चाहिए। हम जैसे उनका, उसी तरह अपने धर्म का भी सम्मान करते हैं। कई छात्रों के हिरासत में लिए जाने के बाद कुछ और छात्र लाल बारादरी बिल्डिंग पहुंचे। वहां बिल्डिंग पर गंगाजल छिड़का। बाद में बिल्डिंग के सामने राष्ट्रीय शिक्षार्थी दल के छात्रों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। यूनिवर्सिटी कैंपस के अंदर लाल बारादरी बिल्डिंग है, जिसके अंदर मस्जिद होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, कई छात्रों का यह भी कहना है कि उसके अंदर एक छोटा मंदिर भी है।

बिल्डिंग काफी जर्जर हो गई है, इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन उसका रेनोवेशन करा रहा है। रविवार को जैसे ही खोदाई शुरू हुई, बड़ी संख्या में छैन्प् के स्टूडेंट मौके पर पहुंच गए। छात्रों ने निर्माण कार्य का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कहा- लाल बारादरी संरक्षित स्थल है, इसलिए बिना उसकी अनुमति के कोई कंस्ट्रक्शन नहीं किया जा सकता। रविवार को जिस जगह मुस्लिम छात्रों ने नमाज पढ़ी और इफ्तार किया, सोमवार को उसी जगह हिंदू छात्रों ने जय भवानी, जय श्रीराम के जयकारे लगाए। नमाज पढ़ने वाले छात्र उस स्थल पर निर्माण रुकवाने पहुंचे थे तो दूसरे गुट ने पहुंचकर नारेबाजी करते हुए उन्हें ऐसा करने से रोक दिया।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने की संगम नगर विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा

- पीएम आवास योजना को सर्वोच्च प्राथमिकताः शर्मा



**एजेंसी, लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने संगम सभागार लखनऊ में नगर विकास विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता, पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि शहरी विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता न होने पाए। श्री शर्मा ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की प्रगति की गहन समीक्षा की। पात्र लाभार्थियों को समय से आवास उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लंबित आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा जिन लाभार्थियों की किस्तें लंबित हैं, उनका भुगतान तत्काल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अपात्र व्यक्तियों को सूची से हटाकर वास्तविक पात्रों को जोड़ने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा नियमित भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए। पीएम आवास योजना गरीबों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर जीवन की आधारशिला है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिन जनपदों में सत्यापन की कार्यवाही लंबित है वहां जिलाधिकारियों से वार्ता कर उनमें तेजी लाई जाए। मंत्री ने आकांक्षी नगर योजना, सीएम ग्रिड योजना, कान्हा गौशाला योजना एवं सीएम वैश्विक नगरोदय योजना की प्रगति की जानकारी ली और शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत चयनित नगरों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़

### पड़ोसी ने पिता-पुत्र को पीटा, केस दर्ज

**एजेंसी, लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र स्थित कुरौनी गांव में एक पड़ोसी ने पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। दिनेश कुमार दीक्षित ने अपने पड़ोसी सरोज तिवारी उर्फ गोले पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दिनेश कुमार दीक्षित के अनुसार, सोमवार रात वह अपने घर पर आराम कर रहे थे। तभी पड़ोसी सरोज तिवारी उर्फ गोले उनके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब दिनेश ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद, सरोज तिवारी ने डंडे से दिनेश कुमार और उनके पुत्र पर हमला कर दिया।

## सराहनीय

## अब कोई छात्र स्कालरशिप से वंचित नही रहता : कश्यप

# पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने गिनाई बजट और विभाग की उपलब्धियां

- 3402 करोड़ का भारी बजट मिला, आय सीमा में भी बढ़ोतरी



**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ने नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का बजट 3402 करोड़ रुपये किया गया है, जो पिछले वर्ष से लगभग 9 फीसदी ज्यादा है। अब कोई भी पात्र छात्र छात्रा स्कालरशिप से वंचित नही होता है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का बजट 2140 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत 2023-24 से सभी पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिल रही है, जो प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है। छात्रवृत्ति वितरण अब 25 सितंबर से ही शुरू कर दिया गया है और अब तक लगभग 20 लाख छात्र-छात्राओं को समयपूर्व छात्रवृत्ति मिल चुकी है।उन्होंने बताया कि अभिभावकों की आय सीमा 2 लाख रुपये से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपये की जा रही है, जिससे अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। पूर्वदशम छात्रों की छात्रवृत्ति 2250 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये की गई है। 2026-27 में लगभग 38 लाख विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिलने की संभावना है। गरीब बेटियों के लिए शादी अनुदान योजना के तहत 2026-27 में 210 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आय सीमा को 1 लाख रुपये वार्षिक आय तक बढ़ा दिया गया है। प्रदेश के 102 पिछड़ा वर्ग छात्रावासों के रखरखाव के लिए पहली बार 5 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। ट्रिपल सी एवं 'ओ' लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिए भी बजट रखा गया है।दिव्यांगजन पेंशन राशि 1000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह की जाएगी। पेंशन मद में 1400 करोड़ रुपये से अधिक की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के सभी 18 मंडलों में दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र डीआरसी स्थापित करने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए 7 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान है।

दिव्यांग छात्राओं के लिए 60 करोड़ रुपये की नई योजना शुरू की गई है, जिसके तहत उन्हें ई-ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। चित्रकूट स्थित दिव्यांग विश्वविद्यालय अब राज्य सरकार के अधीन आ गया है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 500 करोड़ रुपये है।

# विधायिका को लेकर बनी नकारात्मक धारणा में आया सकारात्मक परिवर्तन : महाना

**एजेंसी, लखनऊ।** यूपी असेम्बली के स्पीकर सतीश महाना ने कहा कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश की विधायिका को लेकर समाज में बनी नकारात्मक धारणा में उल्लेखनीय सकारात्मक परिवर्तन आया है। श्री महाना ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को अपनी सीमाओं में रहकर अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपरांत प्रेस वार्ता में अध्यक्ष ने सत्र की उपलब्धियों और सदन के बदलते स्वरूप पर विस्तार से जानकारी दी। एक समय था जब विधानसभा की कार्यवाही को लेकर आमजन के मन में शंका और निराशा का भाव था, किंतु आज वही सदन गंभीर, सार्थक और परिणाममुखी चर्चाओं का केंद्र बन चुका है। अध्यक्ष ने कहा कि 18वीं विधानसभा ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सहेजते हुए नवाचार, पारदर्शिता, आधुनिक तकनीक को अपनाकर कार्यसंस्कृति मेंव्यापक सुधार किया है। यूपी विधानसभा अब केवल ऐतिहासिक भवन नहीं बल्कि उत्तरदायित्व, अनुशासन, जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त मंच बनी है। सुधारात्मक प्रयासों के कारण प्रदेश की विधानसभा को देश की अग्रणी विधानसभाओं में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त हुआ है। बजट सत्र अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण, विचारोत्तेजक और परिणाममुखी रहा। वित्तीय वर्ष के बजट पर विस्तृत, गंभीर और सारगर्भित चर्चा की गई। विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर क्रमबद्ध विचार-विमर्श हुआ तथा जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विधेयकों को सदन की स्वीकृति प्राप्त हुई। प्रश्नकाल के माध्यम से शासन-प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित की गई, जबकि शून्यकाल में जनसरोकार के विविध विषय प्रभावी ढंग से उठाए गए। इससे स्पष्ट है कि सदन जनता की आवाज को सरकार तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। अध्यक्ष ने संतोष व्यक्त किया कि पूरे सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष दोनों ने संसदीय मर्यादाओं का सम्मान किया।



- पक्ष और विपक्ष दोनों ने किया संसदीय मर्यादाओं का सम्मान
- विधानसभा जन आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त मंच

# एआई यानि बदलनी होगी पढ़ाई

आज के बदलते दौर में, विशेषकर एआई के उदय के बाद, पारंपरिक बीए, बीकॉम, बीएससी, थिएटर आर्ट्स, फैशन डिजाइनिंग, और पत्रकारिता जैसी कई डिग्रियां, जिनमें व्यावहारिक कौशल की कमी है, बेकार साबित हो सकती हैं। ये डिग्रियां केवल कागजी साबित होती हैं, अगर इसके साथ इंटर्नशिप या व्यावहारिक ज्ञान न हो। केवल सैद्धांतिक शिक्षा नौकरी नहीं दिलाती। कई पारंपरिक नौकरियां अब एआई द्वारा की जा रही हैं। वैसे भी इस दौर में कुछ विषय अब प्रासंगिक नहीं रह गए हैं। वैसे भी वर्तमान समय में एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग भारत में 15 लाख स्कूल, 85 लाख से अधिक प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक और प्रतिवर्ष 26 करोड़ से अधिक छात्र स्कूल प्रणाली में दाखिला लेते हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में, प्रतिवर्ष 1000 से अधिक विश्वविद्यालयों और 42000 कॉलेजों में 4 करोड़ से अधिक छात्र दाखिला लेते हैं। हालांकि, भारतीय शिक्षा प्रणाली में निश्चित पाठ्यक्रम, पुरातन शिक्षा वितरण मॉडल और स्थिर परीक्षा अवधारणाएं हावी हैं। इससे शिक्षा और समकालीन कार्य कौशल के बीच एक गहरी खाई पैदा हो गई है। ऐसी स्थिति में यादि यदि डिग्री के साथ हुनर नहीं है तो वह सिर्फएक कागज का टुकड़ा है। यही कारण है कि केवल डिग्री के सहारे रोजगार खोजने वाले लगभग कई करोड़ लोग आज भी बेरोजगारों की श्रेणी में खड़े है। हमारी शिक्षा प्रणाली का पाठ्यक्रम काफी पुराना हो चुका है और इस पर कई बार चर्चा हो चुकी है, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। मौजूदा पाठ्यक्रम की बात करें तो यह तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहा है, और यही कारण है कि यह आज के बेहद उन्नत वैश्विक उद्योग के अनुरूप नहीं है। अधिकत्तर पाठ्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों का जिक्र ही नहीं होता, बल्कि वही पुरानी बातें दोहराई जाती हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान स्नातक होने के बाद दिखता है, जब आपके पास आधुनिक कंपनियों की जरूरत के कौशल नहीं होते। यही वजह है कि रोजगार दर अभी भी इतनी कम है जबकि कार्यबल अनुपात बढ़ रहा है। कक्षा में दी गई शिक्षा और व्यावहारिक क्रियान्वयन के बीच एक स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। अपने चुने हुए क्षेत्रों में, कई भारतीय स्नातक वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को तैयार नहीं पाते हैं। जबकि तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में दुनिया भर में अभी सबसे ज्यादा जोर आधुनिक तकनीकों के विकास और इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा नवाचार के प्रयोग पर दिया जा रहा है। सभी देश अपनी विकास नीतियों में अद्यतन तकनीकों को अपना रहे हैं और पारंपरिक तरीके से होने वाले बहुत सारे कामों का स्वरूप अब बदल रहा है। खासतौर पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यानी एआइ के फैलते दायरे ने वैश्विक स्तर पर कामकाज के तौर-तरीकों और उसमें इंसानी भूमिका पर व्यापक असर डाला है। एआई तकनीक के चलते अमरीका और चीन ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियॉ हासिल कर ली है। वर्तमान समय में तकनीक के मामले में जितनी तेज रफ्तार से नवाचार का प्रयोग हुआ है, सभी जरूरी क्षेत्रों में एआइ का दायरा फैला है, उसमें इस पर चर्चा जरूरी हो जाती है।

# सांप्रदायिक तत्व देश की शांति में आग लगाने पर तुले

अलग-अलग तरह के सांप्रदायिक तत्व अपनी जहरीली बातों और हिंसक कामों से देश के शांत माहौल को खराब करने पर तुले हुए हैं। केंद्र सरकार, न्यायपालिका, कार्यपालिका और देश की पूरी नौकरशाही यह सब चुपचाप तमाशबीन बनकर देख रही हैं। यह साफ है कि इनका एक बड़ा हिस्सा संघ के सांप्रदायिक फासीवाद से प्रभावित होकर या डर के मारे हिंसा फैलाने वाले संगठनों और गुंडों का मददगार बन गया है। विज्ञान के जमाने में हम कैसी युवा पीढ़ी तैयार कर रहे हैं, जो उत्तराखंड राज्य में सूफी फकीर बाबा बुल्ले शाह की मजार पर हथियार लेकर तोड़-फोड़ कर रही है और वहां गंदी भाषा बोलते हुए पेशाब करके गर्व महसूस कर रही है। ऐसी हरकतें उन शब्दों का नतीजा हैं, जो देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने युवाओं के नाम एक भाषण में कहे थे, ''अब मुगल बादशाहों के जुल्मों का बदला लेने का समय आ गया है।'' अब ड्क्षहदुओं के पवित्र स्थलों, धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में मुसलमानों के शामिल होने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया गया है। जिन नौजवान लड़के-लड़कियों के हाथों में साइंस की किताबें होनी चाहिएं, जबान पर प्यार होना चाहिए, भाईचारे और एक-दूसरे की धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करने वाले शब्द होने चाहिएं, वे 'जय श्री राम' का नारा लगाकर दूसरे धर्मों को मानने वालों को मारने और उनका अपमान करने में गर्व महसूस करते हैं। जब कोई धार्मिक जलूस दूसरे धर्म के धार्मिक स्थल के सामने से गुजरता है, तो शरारती लोग जानबूझकर भड़काऊ नारे लगाते हैं और कुछ ही पलों में शांतिपूर्ण माहौल को जंग के मैदान में बदल देते हैं। कानून और व्यवस्था की मशीनरी समय पर कोई कदम नहीं उठाती। और जब कानूनी कार्रवाई करती भी है, तो वह निष्पक्षता के आधार पर नहीं होती। हिंदू गुरु शंकराचार्य (अविमुक्तेश्वरानंद) के साथ 'हिंदूवादी' संगठनों के कार्यकर्त्ताओं ने जो बुरा बर्ताव किया, उसने हिंदू धर्म के कीमती इंसानी मूल्यों को चकनाचूर कर दिया है। ऐसा ही बर्ताव संघ परिवार के लोगों ने क्रिसमस के धार्मिक त्यौहार के मौके पर ईसाइयों के साथ किया।

शिक्षण संस्थानों में लगने वाले 'वामपंथ तुम्हारी कब्र खुदेगी भारत में' जैसे भद्दे और भड़काऊ नारे देश में भाईचारे की लड़ाई शुरू करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा हैं। इतिहास से मुगल राज को हटाने और मुस्लिम धर्म से जुड़े धार्मिक स्थलों, शहरों, सड़कों, इंस्टीच्यूशंस और इमारतों के नाम बदलने से भले ही मुस्लिम धर्म को कोई नुकसान न हो लेकिन इससे भारत की 'अनेकता में एकता' की सोच जरूर खत्म हो जाएगी। जिस गलत परंपरा (धर्म के आधार पर दो राष्ट्रों की थ्योरी) के आधार पर 1947 में मुस्लिम लीग और ब्रिटिश साम्राज्य की सोची-समझी साजिश के तहत भारत को 2 हिस्सों में बांटकर धर्म के आधार पर



एक देश 'पाकिस्तान' बनाया गया था, हमारे आज के हुक्मरान 21वीं सदी में भी वही बड़ी गलती दोहराना चाहते हैं। यह कैसी देशभक्ति की भावना है? अपने धर्म के प्रति समर्पण से किसी दूसरे धर्म के लोगों को कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन जब धर्म का 'धंधा' करने वाले 'तत्व' अपने धर्म का गुणगान करते हैं और दूसरे धर्मों के लोगों को 'काफिर' कहते हैं, तो ये शब्द बहुत बुरा और दुश्मनी पैदा करने वाला है। लखनऊ में मुस्लिम युवाओं को यह कहकर 'पतंगबाजी' के खेल में हिस्सा न लेने का आदेश देना कि 'यह त्यौहार मुसलमानों का नहीं है', असल में खेल और सामाजिक त्यौहारों जैसे विषयों और रीति-रिवाजों में कड़वाहट और नफरत पैदा करने का खेल है।वोट पाने के लिए सत्ताधारी दलों द्वारा धर्म और धार्मिक पंथों का गलत इस्तेमाल न सिर्फ धर्मों की इंसानी परंपराओं को खत्म कर रहा है, बल्कि मौजूदा लोकतांत्रिक प्रणाली भी खोखली होती जा रही है। पैसे, पावर और ताकत के इस्तेमाल से डैमोक्रेटिक सिस्टम पहले ही अमीर लोगों की 'रखैल' बन चुका है। साम्राज्यवादी ताकतें हमेशा ऐसे मौके की तलाश में रहती हैं जब वे देश की संकटग्रस्त आर्थिक स्थिति का फायदा उठाकर अपने हितों को बढ़ावा दे सकें। साथ ही, वे विभाजनकारी, सांप्रदायिक और देश-विरोधी तत्वों को बढ़ावा देकर भारत की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने का पूरा प्रयास करती हैं। भारत की आर्थिक और भौगोलिक मजबूती के लिए विभिन्न धर्मों, जातियों, भाषाओं, संस्कृतियों और सामाजिक परिस्थितियों के लोगों की आपसी एकता और सद्भाव बहुत जरूरी है।

# निजी अस्पताल, यानी जेबें खाली करने के संस्थान

कुछ साल पहले गुडगांव से एक लड़की ने लिखा था कि अपने पति को बुखार के इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां रात भर उसके पति के तरह-तरह के टैस्ट चलते रहे। दो दिन बाद छुट्टी के वक्त 10 लाख रुपए का बिल पकड़ा दिया गया। एक दूसरे लड़के ने अपनी मां के बारे में एक दुखद घटना लिखी थी। उसने बताया कि मां को पेट में दर्द हुआ। अस्पताल में बताया गया कि मां के गाल ब्लैडर में पथरी है। उनका इलाज होता रहा लेकिन तबियत बिगड़ती गई। उसने मां को कहीं और ले जाने की बात की, लेकिन डराया गया कि कहीं रास्ते में ही कुछ न हो जाए। कहा गया कि तबियत जैसे ही सुधरेगी, पथरी का आप्रेशन किया जाएगा। लेकिन तबियत नहीं सुधरी, और अंत में मां की मृत्यु हो गई। तब लड़का मां के पोस्टमार्टम पर अड़ गया। पोस्टमार्टम में जो दिल दहला देने वाली बात सामने आई, वह यह थी कि उसकी मां को पथरी थी ही नहीं। बहुत से निजी अस्पतालों में जब से मार्कीटिंग नामक विभाग का प्रवेश हुआ है, तब से डाक्टरों को टारगेट्स दिए जाने लगे हैं। टारगेट का मतलब ही यही है कि उन्हें कितना पैसा कमाकर अस्पताल को देना है। ऐसे में डाक्टर अधिक से अधिक दवाएं लिखते हैं, जिन टैस्टों की जरूरत नहीं होती, वे भी कराए जाते हैं। हाल ही में संसदीय कमेटी की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में 40 प्रतिशत से अधिक ऐसे आप्रेशन किए जाते हैं, जिनकी कोई जरूरत ही नहीं होती। भारत में लोग डाक्टरों को देवता के रूप में देखते हैं। जो उन्होंने कह दिया, वही ठीक है। आम आदमी को मालूम ही नहीं होता कि जिस मरीज को वह अस्पताल में ठीक कराने के लिए लाया है, वह अस्पताल के लिए मुनाफा कमाने की मशीन है। इसके अलावा जिन लोगों के पास मैडिक्लेम होता है, उसके अनुसार जितनी राशि मरीज को दी जा सकती है, जब तक उसे पूरी तरह न वसूल लिया जाए, मरीज को नहीं छोड़ा जाता। मैडिक्लेम कम्पनियां इस बारे में सरकार से शिकायत भी कर चुकी हैं। हाल ही में राज्यसभा की सदस्य स्वाति मालीवाल ने इस मसले को उठाया था। उन्होंने कहा कि बहुत से अस्पतालों के बैड के चार्जेज फाइव स्टार होटलों से भी ज्यादा हैं। मरीज से पूछा जाता है कि क्या उसके पास स्वास्थ्य बीमा यानी कि मैडिक्लेम है और हां कहते ही फौरन बिल का मीटर चालू हो जाता है। मरीजों को वे दवाएं भी दे दी जाती हैं, जिनकी उन्हें जरूरत ही नहीं होती। इसके अलावा बहुत सी वे दवाएं होती हैं जो सिर्फ अस्पतालों की दुकानों या किसी विशेष दुकान पर ही मिलती हैं। जो मरीज 5 दिन में ठीक हो सकते हैं, उन्हें 10-15 दिन अस्पताल में रखा जाता है। स्वाति ने जो सवाल उठाए हैं, वे अर्से से महसूस किए जा रहे हैं लेकिन मजाल है कि तमाम मामलों पर हर रोज आंदोलन करने वाले इन बातों पर कभी बोलते हों। यह भी है कि मरीज की मृत्यु के बाद भी, उसे वहां कई-कई दिन तक रखा जाता है। मृत्यु के बाद आप्रेशन का बहाना बनाकर आप्रेशन की मोटी फीस ली जाती है, फिर कह दिया जाता है कि आप्रेशन के दौरान मरीज की मृत्यु हो गई। पहले सोचते थे कि सरकारी अस्पतालों की जगह निजी अस्पतालों में इलाज ठीक होता है, मगर अब सोच उलटी हो गई है। लोग कहने लगे हैं कि सरकारी अस्पतालों में भीड़ बहुत होती है लेकिन वहां डाक्टरों के ऊपर टारगेट पूरा करने और नौकरी बचाने का कोई दबाव नहीं होता, इसलिए वे इलाज ठीक करते हैं। अपने इस इतने बड़े देश में कोई सरकार चाहे तो हर जिले में ऐसे सुविधाजनक अस्पताल खोल सकती है, जहां मरीज को ठीक-ठाक इलाज मिले। उसकी देखभाल करने वालों को भी कुछ सुविधाएं प्रदान की जाएं। क्योंकि मरीज के मुकाबले उसकी देखभाल करने वालों की मामूली सुविधाओं का ध्यान कहीं नहीं रखा जाता। यदि सरकारों को लगता है कि उनके पास इतनी राशि नहीं है, तो क्यों न ऐसा करके देखा जाए कि किसी जिले में अस्पताल बनवाने के लिए वहां रहने वाले हर व्यक्ति से 10 रुपए मांगे जाएं। उन्हें पूरी योजना की जानकारी दी जाए। सरकार इसके लिए जिला अधिकारी की निगरानी में एक अकाऊंट खोले। यकीन मानिए कि लोग बड़ी संख्या में आगे आएंगे। ऐसे धनाढ्य लोग जो 10 के मुकाबले लाखों भी दे सकते हैं, वे भी इसमें भागीदारी करेंगे। करके तो देखिए। लेकिन करे कौन और क्यों करे? जब तरह-तरह के फालतू और आग लगाऊ बयानों से ही दलों का काम चल जाता है, तो वे ऐसे काम क्यों करें, जहां वाकई कोई कठिन प्रयत्न करना हो।

## विचार

# व्यापार समझौते में सरकार की उलझन

किसी भी चीज को अपने लिए फायदेमंद बताने का हुनर कोई मोदी सरकार से सीखे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले 25 प्रतिशत टैरिफ और रूस से तेल खरीदने के जुर्माने के तौर पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफलगाया तो इसे हुजूर का अहसान बताते हुए देश के लिए फायदेमंद बताया गया। इसके बाद फरवरी के शुरू में व्यापार समझौता हुआ और 18 प्रतिशत टैरिफ तक बात पक्की हुई तो इसे इतना बड़ा मास्टर स्ट्रोक बताया गया कि मोदीजी को सांगोपांग मालाओं से लाद दिया गया। अब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफलगाने के फैसले को रद्द किया है तो इसे फिर से भारत के हित में बताया जा रहा है। समझ ही नहीं आ रहा है कि सरकार की नजर में फायदे की परिभाषा क्या है।

गौरतलब है कि बीते दिनों अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप द्वारा इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत लगाए गए बड़े पैमाने के टैरिफको अवैध करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि ट्रंप ने आपातकालीन शक्तियों का दुरुपयोग कर टैरिफ नहीं लगा सकते, क्योंकि इसके लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी है। हालांकि ट्रंप की हनक अब भी कम नहीं हुई, फैसले के तुरंत बाद ट्रंप प्रशासन ने 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 122 के तहत अस्थायी टैरिफ लगाए, पहले 10प्रतिशत और फिर इसे बढ़ाकर 15प्रतिशत कर दिया। भारत के लिए यह दर फिलहाल 10प्रतिशत तय की गई है, जो पहले घोषित 18प्रतिशत से कम है। ट्रंप ने शुक्रवार को ही बयान दिया कि श्भारत के साथ समझौते में कोई बदलाव नहीं है। भारत टैरिफ चुकाएगा और अमेरिका नहीं।श् उन्होंने इसे श्उलटाश् करार दिया, जिसमें पहले भारत अमेरिका को श्लूटश् रहा था, लेकिन अब स्थिति बदल



गई है। इस बदली स्थिति के बाद अब भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते की बातचीत भी टल गई है। वाशिंगटन डीसी में सोमवार 23 फरवरी से शुरू होने वाली तीन दिवसीय बैठक को स्थगित कर दिया गया है, जिसमें समझौते के कानूनी पाठ को अंतिम रूप देने की योजना थी। दरअसल दोनों देशों ने इस महीने की शुरुआत में एक फ्रेमवर्क पर सहमति जताई थी, जिसमें अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर टैरिफको 18प्रतिशत तक कम करने और भारत द्वारा अमेरिकी उत्पादों की खरीद बढ़ाने का प्रावधान था। हालांकि, समझौता अभी औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित नहीं हुआ था। भारतीय मुख्य वार्ताकार और उनकी टीम की अमेरिका यात्रा, जो रविवार को निर्धारित थी, अब स्थगित कर दी गई है। दोनों पक्षों ने संयुक्त रूप से कहा है कि श्नई घटनाओं और उनके प्रभावों का मूल्यांकन करने के बादश् नई तारीख तय की जाएगी। वाणिज्य मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, टैरिफ नीति में आई इस अनिश्चितता के कारण बातचीत स्थगित की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह देरी भारत के लिए फायदेमंद हो सकती है, क्योंकि अमेरिकी उत्पादों को भारतीय बाजार में तत्काल पहुंच देने की जरूरत टल गई है। समझौता अभी हस्ताक्षरित नहीं होने से भारत की कोई बाध्यता नहीं है। अब सोचने वाली बात ये है कि आखिर इन विशेषज्ञों की बात मोदी सरकार तक पहुंच रही है कि नहीं, क्योंकि जब कांग्रेस सवाल उठा रही थी कि अमेरिकी उत्पादों को खरीदने की मजबूरी से किसानों का बड़ा अहित होगा, तब तो उसका जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने पीयूष गोयल को आगे कर दिया, और उन्होंने भी पुरजोर तरीके से व्यापार समझौते की वकालत की। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत सरकार किस दिशा में कदम बढ़ाएगी, कैसे अपने हित सुरक्षित रखेगी, इसका जवाब नदारद है। पीयूष गोयल भी दृश्य में नहीं हैं। लगता है सरकार फिर किसी मास्टर स्ट्रोक वाली पटकथा का इंतजार कर रही है। बहरहाल, इस बीच संयुक्त किसान मोर्चा ने रविवार 22 फरवरी को राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र में कहा कि मोदी सरकार अमेरिका के दबाव में झुक गई है, जिससे देश की आत्मनिर्भरता और संप्रभुता खतरे में पड़ गई है। संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निर्देश देने की अपील की है कि वे किसानों के लिए हानिकारक शर्तों पर यह समझौता हस्ताक्षर न करें। एसकेएम ने आरोप लगाया कि अंतरिम व्यापार समझौते की शर्तें भारतीय अर्थव्यवस्था और किसानों के लिए घातक हैं। उन्होंने कहा, श्वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, जो मुख्य वार्ताकार हैं, के सभी बयानों से यही साबित होता है कि सरकार अमेरिका के आदेशों के सामने खड़ी होने में असमर्थ या अनिच्छुक है। वो लगातार झूठ बोल रहे हैं। मोदी सरकार की नाकाबिलियत कई तरीके से जाहिर हो चुकी है, अफसोस कि उसे नजरंदाज करने की भूल बार-बार हो रही है।


## साहित्य



### विदेश भेजने की होड़ और बदलती मानसिकता

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय समाज में नई प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है, बेटे-बेटियों को विदेश भेजने की होड़। कभी पढ़ाई के नाम पर, कभी नौकरी के नाम पर, तो कभी बेहतर जीवन के सपने के साथ। कई परिवारों में यह उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जाता है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। किसी का कनाडा जाना, किसी का ऑस्ट्रेलिया या यूरोप जाना-यह सब मानो सफलता की पहचान बन गया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती जा रही है कि यदि भविष्य बनाना है तो विदेश जाना पड़ेगा। लेकिन यह सवाल गंभीरता से पूछने की जरूरत है कि क्या वास्तव में भारत में अवसरों की कमी है? क्या इस देश में प्रतिभा के लिए जगह नहीं बची? या फिर हम स्वयं अपने देश की संभावनाओं को कम आंकने लगे हैं? भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है।



# राशिफल

**मेष:**-जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**वृषभ:**- शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुन:**- संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से उत्साहित होंगे।

**कर्क:**-विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंह:**- अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कन्या:**-पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुला:**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिक:**-कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायर्रे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनु:**-कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकर:**-कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कायरे की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभ:**- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें।

**मीन:**- नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग मिलेगा।

# वैश्विक सम्मेलनों में विरोध प्रदर्शन के साथ भारत जीना सीखे, असहिष्णुता अनुचित

*के. रवींद्रन*

भारत में सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों की एक लंबी परंपरा रही है, भ्रष्टाचार विरोधी आन्दोलन से लेकर किसान आंदोलनों तक, जिनमें से कई मीडिया की कड़ी जांच के बीच सामने आए हैं। जबकि सरकारों को लोक व्यवस्था को नियंत्रित करने वाले कानूनों को लागू करने का हक है, हिंसा न होने पर गंभीर आरोप लगाने से इरादे और आनुपातिक कार्रवाई पर बहस होती है। वैश्विक सम्मेलनों ने लंबे समय से न सिर्फसरकार के प्रमुखों और कॉर्पोरेट के अगुवों के लिए बल्कि उनका विरोध करने वालों के लिए भी एक वैश्विक मंच दिया है। विरोध अभियानों ने सीखा है कि जहां टेलीविजन कैमरे, राजनयिक और नीति निर्धारक इकट्ठ होते हैं, वहां इकट्ठ होना, उच्चस्तरीय बैठकों को राजनयिकता के साथ-साथ असहमति का अखाड़ा बना देता है। व्यापार वार्ताओं से लेकर पर्यावरण सम्मेलनों तक, संगठित विरोध प्रदर्शन भद्रलोक के विचार-विमर्श के लिए एक उम्मीद की जाने वाली साथी बन गए हैं, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए आयोजित किया जाता है जो अन्यथा हाशिये पर काम करने वाले आन्दोलनकारी अभियान चलाने वालों के लिए उपलब्ध नहीं होता। अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की बैठकें इस रूझान को खास तौर पर साफदिखाती हैं। दशकों से, उनकी सालाना और वसन्त ऋतु में आयोजित होने वाली बैठकों ने मितव्ययिता नीतियों, व्यापार की ढांचागत शर्तों या स्थितियों और विकास को वित्तपोषित करने का प्राथमिकताओं की आलोचना करने वाले नागरिक संगठनों के गुटों को आकर्षित किया है। इनमें से कुछ ग्रुप को उन्हीं संस्थानों से अनुदान या तकनीकी समर्थन मिलता है जिनकी वे आलोचना करते हैं, जो बहुपक्षीय शासन के दिल में एक उलझन को दिखाता है। ब्रेटन वुड्स इंस्टीट्यूशन्स ने परामर्श तौर-तरीके विकसित किए हैं जो गैर-सरकारी संगठनों को अधिकारियों से जुड़ने, समानांतर फोरम में हिस्सा लेने और निर्धारित ढांचागत व्यवस्था में असहमति दर्ज करने की इजाजत देते हैं। असल में, वैश्विक वित्त की कोरियोग्राफी में विरोध और बातचीत एक साथ होते हैं। ऐसे प्रदर्शनों को अक्सर विनियमित किया जाता है, आयोजन के अधिकारियों के साथ समन्वित किया जाता है और बातचीत की गई जगहों से घिरा होता है। वे संस्थाओं को कार्यक्रम और नीतियों के विरोध का एक बैरोमीटर देते हैं, साथ ही आन्दोलनकारियों को वह सामने आने को अवसर देते हैं जो सिर्फएक वैश्विक प्लेटफॉर्म ही दे सकता है। बहुपक्षीय एजेंसियां खुद इन विरोधों की निगरानी को नियंत्रित नहीं करती हैंय कानून लागू करना आयोजक सरकारों का खास अधिकार बना हुआ है। यहां तक कि उन इलाकों में भी जहां जनता के जमा होने के सख्त कानून हैं, वैश्विक बैठकों में किसी न किसी तरह की असहमति देखी गई है, चाहे वह तय जगहों तक ही सीमित हो या प्रतीकात्मक कामों के जरिए जाहिर की गई हो। इसलिए, विरोध का होना न तो नया है और न ही स्वाभाविक रूप से अस्थिर करने वाला। यह तो एक आपस में जुड़ी दुनिया में खुले राजनीतिक मुकाबले की एक खासियत है। इस पृष्ठभूमि में, दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के सदस्यों का शर्ट उतारकर विरोध प्रदर्शन एक जाने-पहचाने तौर-तरीके में फिट बैठता है। ज्यादातर बातों के मुताबिक, यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण और छोटा था, जिसका मकसद टकराव के बजाय इमेज बनाना था। इसी तरह के काम अलग-अलग महादेशों में आर्थिक, पर्यावरणीय और प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलनों में हुए हैं, जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के अस्तित्व के लिए खतरा नहीं माना गया। दिल्ली की घटना को जो बात अलग बनाती है, वह है आधिकारिक प्रतिक्रिया की गंभीरता। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और उन पर आरोप लगाए, जिनके बारे में आलोचकों का कहना है कि वे प्रदर्शन के चरित्र के हिसाब से ज्यादा हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस काम को देश का अपमान बताया, और भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसमें कथित तौर पर शामिल होने को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय तक मार्च किया। इस बयानबाजी ने एक प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन को देशभक्ति और सार्वजनिक व्यवस्था का सवाल बना दिया है, जिससे असहमति और आपराधिकता के बीच की रेखा धुंधली हो गई है। यह प्रतिक्रिया एक बड़े राजनीतिक माहौल को दिखाता है जिसमें विरोध को अक्सर सोच-समझकर किया गया विरोध के बजाय एक विध्वंसक गतिविधि माना जाता है। प्रशासन के समर्थकों का कहना है कि सख्त निगरानी से हालात बिगड़ने से रुकते हैं और हिस्सा लेने वालों की सुरक्षा होती है। फिर भी, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों को गिरफ्तार करने के नजरिए से एक अलग संकेत जाने का खतरा है। लोकतंत्र ने ऐतिहासिक रूप से वैश्विक जांच के समय असहमति को जगह दी है, इस भरोसे के साथ कि नियंत्रित विरोध प्रदर्शन से उनकी हैसियत कम नहीं होती। एआई शिखर सम्मेलन की घटना पर नई दिल्ली का नजरिया ज्यादा टकराव वाला रवैया दिखाता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक स्ट्रेटेजिक सेक्टर के तौर पर उभर रहा है, जिसका असर आर्थिक विकास, रक्षा और डिजिटल सम्प्रभुता पर पड़ रहा है। सरकार ने देश को वैश्विक एआई गवर्नेंस में एक प्रमुख आवाज के तौर पर स्थापित करने के लिए राजनीतिक पूंजी निवेश किया है। भारत में सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों की एक लंबी परंपरा रही है, भ्रष्टाचार विरोधी आन्दोलन से लेकर किसान आंदोलनों तक, जिनमें से कई मीडिया की कड़ी जांच के बीच सामने आए हैं। जबकि सरकारों को लोक व्यवस्था को नियंत्रित करने वाले कानूनों को लागू करने का हक है, हिंसा न होने पर गंभीर आरोप लगाने से इरादे और आनुपातिक कार्रवाई पर बहस होती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# त्योहारों पर शांति बनाये रखने के लिए एसडीएम-सीओ ने दिए निर्देश

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



फतेहपुर थाना परिसर में मंगलवार को आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कार्तिकेय सिंह और क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया ने संयुक्त रूप से की।इस बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए, जिनका उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना था।बैठक को संबोधित करते हुए सीओ जगतराम कनौजिया ने कहा कि किसी भी धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित और जिम्मेदार तरीके से किया जाए तो कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं होता। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को जुलूस मार्गो पर लटकते और जर्जर तारों को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।इसके साथ ही, सीओ ने नगर पंचायत के अधिकारियों को त्योहारों के मद्देनजर जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा।एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने निर्देश दिए कि पुलिस और लेखपाल संयुक्त रूप से होलिका दहन के स्थलों को पूर्व में ही चिन्हित कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी त्योहार शासन के निर्देशों के अनुरूप ही मनाए जाएं और कानून-व्यवस्था से किसी भी दशा में खिलवाड़ न हो।एसडीएम ने विशेष रूप से होली के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए, जिससे कोई भी त्योहार मातम में न बदले।बैठक का संचालन डॉ. समर सिंह वर्मा ने किया। इस अवसर पर कोतवाल अमित प्रताप सिंह, कस्बा चौकी इंचार्ज अजय पांडेय, नजीब कासमी, मोहम्मद राहिल, राजीव नयन तिवारी, अहमद सईद, जमील प्रधान, सुरेश यादव, रविंद्र वर्मा, मोहम्मद वहीद, शशी वर्मा, विमल कुमार, बलराजयादव और गणेश शंकर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।सभी उपस्थित लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

## श्रद्धा के साथ याद किये गए रामदुलारे रावत

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। कोटवाधाम में स्वर्गीय मास्टर रामदुलारे रावत की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। उनके समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।मंगलवार को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार रामू काका ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मास्टर रामदुलारे रावत ने पूरे जिले के पासी समाज को अपना परिवार माना। उन्होंने जीवन भर समाज के लोगों को एकजुट कर उनके हक हकूक की लड़ाई लड़ी और उन्हें न्याय दिलाया।समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मोनू रावत ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय मास्टर रामदुलारे रावत ने समाज के दबे-कुचले व्यक्तियों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। हम सभी उन्हीं के बताए रास्ते पर चल रहे हैं इस मौके पर प्रमोद कुमार रावत नन्हा, दिनेश कुमार रावत,हर्ष रावत, कल्लू डॉक्टर, निर्मल कुमार रावत, श्रीमती गुड़िया देवी, गोल्डी रावत, प्रतिभा रावत और प्रीति रावत सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## बकायेदारों की भूमि की नीलामी 20 मार्च को

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक/न्यायालय देय की बकायेदार गणेश सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी कल्यानपुर रैली, आई.वी.एस. सप्लायर ए03 कंस्ट्रक्शन मीना सिंह पत्नी रणविजय सिंह व इंद्रेश सिंह निवासी पुरे मेदनी लाल मजरे कण्डौरा, श्री छेदी पुत्र विष्णु प्रसाद निवासी मजरे मरदानपुर, नंद किशोर पुत्र स्व. रामबली निवासी उमरपुर गेरुखुवा, मेसर्स यस ऑटोमोबाइल्स प्रा0लि0 प्रो0 नीरज गुप्ता निवासी सुल्तानपुर रोड, मिथिलेश कुमारी सिंह पत्नी गणेश सिंह निवासी ग्राम शिवलहा मजरे कृष्णापुर ताला, गुड्डा देवी पत्नी चतुरी निवासी कल्यानपुर रैली, राजेश्वरी मीनू सिंह पत्नी कमलेश कुमार सिंह पुत्र रवींद्र नाथ सिंह व कमलेश कुमार सिंह निवासी लालूपुर चौहान, मो0 अहमद कुरैशी पुत्र स्व0 जान मोहम्मद निवासी उत्तरपारा (बेलाभेला), मनोज कुमार पासी पुत्र गुरु चरन निवासी कोन्सा, नौशाद पुत्र वशीर अहमद निवासी रसेहता एवं परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 20 मार्च 2026 को समय प्रातः 10:00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमी/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय, स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी सम्बन्धी शर्तें संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## खेतों में पानी लगाने को लेकर दबंग ने चचेरे भाई पर किया हमला

बछरावां, समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत पदुमखेड़ा मजरे पश्चिम गांव में खेतों में पानी लगाने को लेकर एक दबंग ने अपने चचेरे भाई पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज एवं मेडिकल अस्पताल में किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल किसान रामकिशुन पुत्र रामआसरे उम्र 65 वर्ष निवासी पदुमखेड़ा मजरे पश्चिम गांव मंगलवार की सुबह अपने खेतों में नहर से पानी लगाने के लिए गया हुआ था, तभी उसके चचेरे भाई भगवानदीन पुत्र बबलू की उससे कहा सुनी हो गई, कहा सुनी इतनी ज्यादा बढ़ गई कि जब वृद्ध किसान रामकिशुन खेतों से अपने घर पहुंचा तो उसके चचेरे भाई ने फिर उससे विवाद करना शुरू कर दिया, इसके पश्चात उसके चचेरे भाई के द्वारा उसके ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसके परिजनों के द्वारा तत्काल उसे स्थानीय थाने पहुंचाया गया, जहां उसने घटना की जानकारी दी है।

वहीं घटना की जानकारी के आधार पर स्थानीय पुलिस के द्वारा उसका इलाज एवं मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में कराया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, घायल का इलाज व मेडिकल अस्पताल में कराया गया है, आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जिलास्तरीय शान्ति समिति की बैठक कर डीएम ने त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाने की किया अपील

बाराबंकी। जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी द्वारा आगामी त्योहारों होलिका दहन/होली व जमात-उल-विदा (अलविदा), ईद-उल-फितर आदि के दृष्टिगत जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु धर्मगुरुओं/ सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ लोक सभागार कलेक्ट्रेट, बाराबंकी में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक की गयी। इस दौरान विभिन्न बिन्दुओं/समस्याओं पर चर्चा की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, समस्त उपजिलाधिकारीगण, समस्त क्षेत्राधिकारीगण व अन्य प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।



## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवती गंभीर रूप से घायल

सलोन, रायबरेली समृद्धि न्यूज़। तेज रफ्तार चार पहिया वाहन और बाइक में आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। सलोन कोतवाली क्षेत्र के पूरे पाण्डेय मजरे सूची निवासी वेद प्रकाश पांडेय की पुत्री अंजली बाइक से सूची कस्बा आई थी। इसी दौरान सामने से आ रही बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी दिया। जिससे बाइक चालक बाल बाल बच गया।वहीं बाइक पर पीछे बैठी अंजली गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची सूची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज जारी है।वहीं क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया।

## वरिष्ठजनों के विधिक अधिकार विषय पर जागरूकता शिविर आयोजित

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।





उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित पाल सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई.टी.आई. कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में आवासित वृद्धजनों के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन आदि हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमोद कंठ द्वारा वृद्धजन आवास का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम से आवासित वृद्धों की देखभाल व खान-पान के सम्बन्ध में चर्चा की। निरीक्षण उपरांत वृद्धजनों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सचिव अमोद कंठ के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

इस शिविर में वृद्धजनों को वृद्धा पेंशन, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी।

## खबरें एक नजर में

### गड्ढों में तबदील हुई व्यस्त सड़क



महराजगंज समृद्धि न्यूज़। महराजगंज दुसौती चन्दापुर मार्ग सधई का पुरवा से लेकर पहरांवा गांव के सम्पर्क मार्ग तक सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो पाया वही अब पुल का निर्माण तो हो रहा है लेकिन सड़क लगभग 1 किलोमीटर तक दोनों पटरी बेहद ही खराब है जगह जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को दावत देते रहते हैं और अक्सर लोग गिरकर चोटिल हुआ करते हैं फिर भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और पटरी को सही करवाने में हीला हवेली बरती जा रही है जिसके कारण अक्सर दुर्घटनाएं हुआ करती है। जब कोई बड़ा या छोटा वहां आ जाता है तो अगल-बगल से कोई भी साधन निकल नहीं पता और वह गड्ढों में फंस जाता है और कभी-कभी गिर जाता है जिसमें लोग चोटिल भी हो जाते हैं। राहगीर परेशान रहते हैं लेकिन विभाग मस्त।

### गला काटकर युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस



अमेठी समृद्धि न्यूज़। शुकुल बाजार थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। भारत गैस एजेंसी के पास एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान शाहिद पुत्र शरीफ उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी शुकुल बाजार कस्बा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक युवक की गला काटकर निर्मम हत्या की गई है। शव उसके घर से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर पड़ा मिला है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है ताकि साक्ष्य जुटाए जा सकें। इलाके में इस वारदात के बाद भय और आक्रोश का माहौल है। पुलिस का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### पुलिस ने किया भैंस चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार



अमेठी समृद्धि न्यूज़। अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिगं संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु वाहन के दौरान थाना फुरसतगंज पर बीते 22 फरवरी को पंजीकृत अभियोग से संबंधित प्रकाश में आये 2 अभियुक्तों आदर्श यादव पुत्र लाल बहादुर यादव निवासी ग्राम पूरे पुरई मजरे दोहरी थाना मिल एरिया जनपद रायबररेली व अमरेश कुमार सिंह पुत्र प्यारे मौर्य निवासी ग्राम व पोस्ट लोधवारी थाना डीह जनपद रायबरेली को चोरी की 3 भैसों के साथ गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से आदर्श यादव के कब्जे से एक तमंचा व जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि बीते 22 फरवरी को ग्राम पूरे शीतल मजरे खालिसपुर से दोनों ने अपने 3 अन्य साथियों शिवबाबू सिंह पुत्र राजकरन सिंह, अनिल यादव पुत्र राम कुमाल व लवलेश उर्फ देवा पुत्र लाल बहादुर यादव के साथ बरामद 3 भैंसों को ग्राम खालिसपुर से चोरी कर पिकअप संख्या यूपी 33 डीटी 3751 पर लादकर बेंचने जा रहे थे रास्ते में टायर पंचर हो जाने तथा स्टेपनी न होने के कारण भैंसों को तथा उनके साथ उन दोनों अभियुक्तों को उतार कर टायर का पंचर बनवाने के लिये चले गये थे तथा देर होने के कारण वापस नहीं आ पाये। गांव वालों एवं पुलिस से बचने के लिये भैंसों को उस खण्डर में लाकर रखे थे तथा अपने साथियों का इंतजार कर रहे थे। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी है। थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा टीम ने की छापेमारी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

होली और रमजान त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र में सक्रिय हो गया है। खाद्य निरीक्षक अर्शी फारुखी के नेतृत्व में एक टीम ने विभिन्न दुकानों पर छापेमारी की और खाद्य सामग्री के दो नमूने एकत्र किए। छापेमारी के दौरान, सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के हिंदुस्तान स्वीट हाउस से छेना का नमूना लिया गया। वहीं, बदोसराय के शाजाद किराना स्टोर से पापड़ का नमूना एकत्र किया गया। इस अभियान में मिलावटी छेना को मौके पर ही नष्ट कराया गया।खाद्य निरीक्षक ने बदोसराय, मरकामऊ और सहित बड़े कस्बों के बाजारों में भी निरीक्षण किया।



उन्होंने सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों पर साफ-सफाई बनाए रखने और केवल शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मिलावट पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।अधिकारी ने बताया कि त्योहारी सीजन में मिलावट की शिकायतें बढ़ जाती हैं, जिसके कारण यह अभियान लगातार जारी रहेगा। लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## बाग में पेड़ से लटकता मिला महिला का शव

- दुधमुंही बच्ची के सिर से उठा मां का आँचल

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के बरेहटा गाँव में 30 वर्षीय महिला का घर से बाहर बाग मे संदिग्ध परिस्थितियो में फांसी के फंदे से लटकता शव मिला है।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जाँच में जुटी है।जानकारी के अनुसार मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के बरेहटा गाँव का है।जहाँ गाँव के बाहर पास के बाग में एक पेड़ के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक करीब 30 वर्षीय महिला का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। सुबह जब आसपास के लोगो ने देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक महिला की पहचान 30 वर्षीय श्रीमती पत्नी छंगा निवासी बरेहटा के रूप में हुई।लोगो ने इसकी



जानकारी मृतका के ससुरालीजनो को दी।मौके पर पहुंचे तो दंग रह गए और चीखपुकार मच गयी।वही ग्रामीणो की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जाँच पड़ताल में जुटी है।वही जैदपुर थाने पहुंचे मृतका श्रीमती के मायके वालो का आरोप है कि पति पत्नी में कल विवाद हुआ था आज उनकी बेटी का शव मिला है और हम लोगो को सूचना भी नहीं दी। गाँव वालों से सूचना मिली तो जानकारी हुई। मृतका के भाई का आरोप है की पहले तो बहन के साथ मारपीट की गई उसके बाद उसकी हत्या की आशंका जताई है और थाने मे शिकायत करते हुए मामले की जाँच कर कार्यवाही की माँग की है। मृतका के 2बच्चें है एक दो साल का लड़का और 8 माह की बच्ची है जिनके सर से माँ का साया उठ गया।

## जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## वृहद रोजगार मेला में 50 से अधिक कंपनियां लेंगी भाग

अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह रोजगार मेला आगामी 26 फरवरी 26 को रणवीर रणजंय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी परिसर में पूर्वान्ह 10 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि लग रहे वृहद रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इसके साथ ही विदेश से संबंधित रोजगार अवसरों की जानकारी प्रदान करने के लिए एनएसडीसी के प्रतिनिधि भी मेले में उपस्थित रहेंगे। वहीं परिवहन विभाग, अमेठी द्वारा भी लगभग 80 चालकों की रिक्तियों के साथ प्रतिभाग किया जाएगा।

## माता-पिता की सेवा से सौभाग्य की होती है प्राप्तिः नारायण दास

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

माता-पिता की सेवा सौभाग्य से प्राप्त होती है इसलिए माता-पिता के सम्मान में कभी भी कोई कमी नहीं रखनी चाहिए।जो माता-पिता का सम्मान नहीं करता वह पाप का भागी होता है। उक्त बात अचकामऊ में ऋषिकेश हरिद्वार धाम से पधारे श्री भरत मिलाप आश्रम के आचार्य कथा व्यास नारायण दास जी महाराज ने एडवोकेट कमलेश बख्श सिंह द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कहीं। इस मौके पर कथा में पहुंचे 1008 महंत श्री लालता दास जी महाराज सहित अन्य संतों का श्री सिंह ने परिजनों के साथ भव्य स्वागत किया। कथा व्यास आचार्य नारायण दास जी ने कहा कि जिस घर में पालनहार माता-पिता का संताने



सम्मान करती हैं। वहां पर परम आध्यात्मिक उल्लास एवं भक्ति रस-सिक्त वातावरण विद्यमान रहता है। उन्होंने कहा कि आज लोग हवन ,यज्ञ ,तीर्थ स्थान का दर्शन ,पूजा पाठ सब कुछ करते हैं ।लेकिन अपने माता-पिता का ध्यान नहीं देते। यह विडंबना है कि हम जीवंत भगवान स्वरूप माता-पिता की अनदेखी करते हुए भगवान श्री नारायण की कृपा को प्राप्त करना चाहते हैं। कथा व्यास नारायण दास जी ने कहा कि माता-पिता का सम्मान न करने वाला कभी भी भगवान की कृपा को प्राप्त नहीं कर सकता।क्योंकि भगवान ने भी मानव अवतार में माता-पिता, संत ,महात्मा ,बुजुर्गों एवं महापुरुषों, गौ माता, ब्राह्मण तथा निर्बल वर्ग को भरपूर प्रेम व सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि आज बदलते परिवेश में इस बात की आवश्यकता है कि हम जीवन में संस्कार ,सदाचार ,सेवा मर्यादा को अंगीकार करें एवं अपने घर को मंदिर के रूप में स्थापित करने का निरंतर प्रयास करें। इस दौरान कथा के पावन प्रसंगों में सर्वप्रथम भगवान् श्रीकृष्ण के प्रथम विवाह का मंगल-वर्णन हुआ। जिसमें उनका दैवी परिणय विदर्भाधिपति राजा भीष्मक की परम सुभगा कन्या रुक्मिणी के साथ सम्पन्न हुआ। रुक्मिणी यहाँ 'साधना-शक्ति' की प्रतीक हैं, जो संसाररूपी बन्धनों (रुक्मी और शिशुपाल) से विमुक्त होकर परमात्म-चरणों में आत्मसमर्पण की उत्कट अभिलाषा रखती है। यह लीला प्रेम की पराकाष्ठा, समर्पण की चरमावस्था तथा भगवान् की भक्तवत्सलता का उज्ज्वल उद्घोष है।आज की कथा में मुख्य यजमान सपत्नीक एडवोकेट कमलेश बक्श सिंह एवं श्रीमती नीलम सिंह रहे। विशिष्ट सन्त-महात्माओं में महंत लालता दास जी महाराज, राकेश दास नागा, पं. सीताराम शास्त्री , आचार्य सोमनाथ (जगन्नाथपुरी), आचार्य शिववरन द्विवेदी (विठूर), आचार्य पं0 रोहित मिश्र तथा आचार्य रामदत्त शुक्ल , विवेक सिंह ,आलोक सिंह,अजय कुमार मिश्रा, कुलदीप मिश्रा,दुर्गा सिंह,दादा बाजपेई, महेंद्र मिश्रा अनुज कुमार सिंह, राजेश श्रीवास्तव, मनमोहन सिंह, राजकुमार, अनिल कुमार, राकेश कुमार सहित सैकड़ो लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। भारी संख्या में उपस्थित भगवद्भक्तिरसरसिक श्रोतृवृन्द ने कथा-रस का आस्वादन कर, वातावरण को हरिनाम-संकीर्तन से गुञ्जायमान कर दिया।

## मण्डलायुक्त ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

विजय विश्वास पंत, मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल द्वारा सीतापुर कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संयुक्त कार्यालय, नजारत अनुभाग, एल.बी.सी., शस्त्र अनुभाग, शिकायत प्रकोष्ठ, अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग तथा उपजिलाधिकारी न्यायिक न्यायालय सहित विभिन्न कार्यालयों का अवलोकन किया। संयुक्त कार्यालय में हैसियत प्रमाण-पत्र से संबंधित पत्रावलियों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रमाण-पत्र समयबद्ध रूप से जारी किए जाएं। उन्होंने उपजिलाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवापुस्तिकाओं का परीक्षण कर प्रान एकाउंट, अवकाश विवरण आदि प्रविष्टियों की जानकारी ली तथा जिनकी सेवापुस्तिका उपलब्ध नहीं है, उनसे शीघ्र पत्राचार कर प्राप्त करने के निर्देश दिए। आई.जी.आर.एस. पर लंबित एवं डिफाल्टर प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर बल दिया। एल.बी.सी. पटल के निरीक्षण के दौरान 14वें एवं 15वें वित्त आयोग की धनराशि के आवंटन एवं व्यय की जानकारी लेकर अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। डी.एल.आर.सी. पटल में धारा-98 से संबंधित प्रकरणों तथा अंतिम तीन निस्तारित फाइलों का परीक्षण कर वर्षवार रजिस्टर संधारित करने और अभिलेखों के उचित रख-रखाव के निर्देश दिए। शिकायत प्रकोष्ठ में मुख्यमंत्री संदर्भ एवं आरटीआई शिकायतों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निस्तारण उपरांत शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने तथा रजिस्टर अद्यतन रखने का निर्देश दिया।

## सचिव पर लाखों रूपये हेराफेरी का आरोप




सीतापुर, समृद्धि न्यूज। विकास गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत इस्माइलगंज में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है, सचिव के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के 15वें व 5वें वित्त से ग्राम प्रधान के खाते पर गौशाला केयरटेकर का भुगतान लगाया गया है और शासनादेश की धज्जियां भी उड़ाई गई है। एक व्यक्ति अशोक कुमार के खाते पर लगभग साढे चार लाख से अधिक का भुगतान लगाकर प्रशासनिक धन का दुरुपयोग किया गया है जहां सरकार और प्रशासन ने लगातार विकास कार्यों पर ध्यान दे रही है, वही सचिव व प्रधान सिर्फ अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं या देखने वाली बात होगी कि इस मामले पर विकासखंड के अधिकारी किस तरीके से संज्ञान लेते हैं और कैसे कार्यवाही करेंगे।

## डीपीआरओ के संक्षरण में ग्राम पंचायत से निकला भुगतान

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

सीतापुर में तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू के द्वारा जिले में सिर्फ अपनी मनमानी कर रहे हैं जिला पंचायत राज अधिकारी के लिए उच्च न्यायालय के आदेश भी कुछ नहीं मानते है विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत रामगढ़ के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को उच्च न्यायालय की तरफ से एक आदेश 19/5/2025 को जारी किया गया था उसे आदेश में साफ लिखा गया था की प्रधान के कार्य बहाल कर दिए जाएं परंतु जिला पंचायत राज अधिकारी अपने आप को उच्च न्यायालय से ऊपर समझते हुए 26/5/2025 को ग्राम पंचायत रामगढ़ से भुगतान लगवा दिया गया आखिर जिला पंचायत राज अधिकारी जिले में क्या दिखाना चाहते हैं कि मैं उच्च न्यायालय से ऊपर हूं इसीलिए उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद ग्राम पंचायत रामगढ़ से कई फर्मों पर लगभग ढाई लाख के आसपास भुगतान लगवा दिया गया और उच्च न्यायालय के आदेश की अहलान कर दी गई जिला पंचायत राज अधिकारी की लापरवाही या अपनी मनमानी से ग्राम पंचायत रामगढ़ में इन फेमों के नाम पर जैसे श्री श्याम कंस्ट्रक्शन कंपनी, आस्था बिजनेस सेंटर आदि पर भुगतान लगवा कर अपनी मनमानी की गई है क्या जिला प्रशासन ऐसे मामले को संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू पर निष्पक्ष कार्यवाही करेगा या सिर्फ नोटिस देखकर फाइल दबाने का कार्य किया जाएगा। उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू की संरक्षण में विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत रामगढ़ में निकल गया भुगतान श्री श्याम कंस्ट्रक्शन कंपनी पर लगा भुगतान 14630 (26.05.2025), 14630 (26.05.2025),50 688 (26.05.2025),19187 (26.05.2025), 19942 (26.05.2025), 107250 बिजनेस सेंटर आस्था 12500 (26.05.2025) अब देखने वाली बात या होगी कि इस मामले पर आम नागरिकों की निगाहें सिर्फ सीतापुर जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर पर टिकी हुई ग्रामीणों का भरोसा कितना बढ़ गया है कि इस मामले को लेकर सिर्फ जिलाधिकारी पर ही भरोसा का बैठे हैं कि इस मामले पर भी निष्पक्ष कार्यवाही होगी।

# अधिवक्ताओं ने संशोधन विधेयक के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक के खिलाफ तीव्र प्रदर्शन किया। इस विधेयक को वकीलों की गरिमा, स्वायत्तता और हितों के खिलाफ बताते हुए उन्होंने न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और तहसील परिसर में जुलूस निकाला।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर और महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने ÷अधिवक्ता विरोधी कानून वापस लो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के बाद पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अवनीश कुमार को सौंपा, जिसमें विधेयक को वकीलों पर अनावश्यक अंकुश और लाइसेंस प्रक्रिया में जटिलता पैदा करने वाला करार दिया गया। महासचिव ललित प्रताप सिंह ने कहा कि यह संशोधन अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर हमला है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस काले कानून को वापस नहीं लेती, तो छिबरामऊ से दिल्ली तक आंदोलन और तेज होगा। अधिवक्ता समाज को न्याय व्यवस्था का मजबूत स्तंभ बताते हुए उन्होंने एकजुटता का आह्वान किया। प्रदर्शन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष जीतू श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, राजेश शाक्य, दुर्गा नारायण सिंह, राजीव हजेला, रामरक्षपाल यादव, कन्हई सिंह वर्मा, रामचन्द्र यादव, दिनेश चन्द्र यादव, रजनीश यादव, संजीव कुमार दुबे, बृजेन्द्र सिंह राजपूत, रामप्रकाश यादव, रूपेश दुबे, स्नेहलता गुप्ता, राधिका, अंजू पटेल, वेदमती, अमित राजपूत, नरेन्द्र शाक्य, अवनीश वर्मा, जयवीर सिंह, अभिरूप सिंह दीक्षित, संदीप चौहान, वेदराम सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता और कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे।

# गोष्ठी में महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलम्बन पर हुई चर्चा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



नेहरू कालेज राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयोजक डॉ. आशीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में ग्राम पंचायत भवन कमालपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलम्बन विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं का आर्थिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है। जब तक समान अवसर उपलब्ध नहीं होगा महिलाएँ बराबरी का मुकाम हासिल नहीं कर सकती हैं। आज महिलाएँ सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं परंतु आनुपातिक तौर पर यह संख्या बहुत कम है। पुलिस महिलाओं के लिए किस प्रकार मददगार हो सकती है इस विषय पर कोतवाली पुलिस की अनुपमा तिवारी व नेहा ने कानूनी मुद्दों पर चर्चा करते हुए बताया कि महिलाएँ हेल्पलाइन 1090, इमरजेंसी हेल्पलाइन 112 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। सभी को सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। इंटरनेट संबंधी सोशल साइट का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से करना चाहिए। नारी सशक्तिकरण विषय पर साक्षी यादव एवं पलक ने कविताएँ प्रस्तुत कीं। अगले सत्र में स्वयंसेवकों ने महिला सशक्तिकरण विषय पर पोस्टर बनाएं तथा गांव में जाकर पोस्टर द्वारा संविधान में वर्णित महिलाओं के अधिकारों को बताया। अंतिम सत्र में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ प्रियंका, डॉ धर्मवीर सिंह, मनीष कुमार, डॉ राजीव कुमार सिंह, रेनू पांडेय, किरन, सतीश, अजीत उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा ड्यूटी से शिक्षक को किया गया कार्य मुक्त

**छिबरामऊ, कन्नौज।** खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक हरिओम सिंह को भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में परीक्षा ड्यूटी से कार्यमुक्त कर दिया। आदेश में उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे अपने मूल विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करें। मालूम हो कि भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में बोर्ड परीक्षा ड्यूटी पर तैनात अध्यापक ने केंद्र व्यवस्थापक पर अभद्रता किए जाने का आरोप लगाते हुए है। दूसरी जगह ड्यूटी लगवाने की मांग की थी। प्राइमरी विद्यालय जयसिंहपुर में कार्यरत सहायक अध्यापक हरिओम सिंह का आरोप था कि 23 फरवरी को उनकी ड्यूटी बोर्ड परीक्षा को लेकर लगाई गई थी। प्रथम पाली के दौरान केंद्र व्यवस्थापक ने कथित तौर पर परीक्षा कक्ष में सभी परीक्षार्थियों के सामने उनसे अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है।

## नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष विनीत त्रिपाठी का जोरदार स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पुराना सौरिख बस अड्डा स्थित कार्यालय में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष (प्रथम) विनीत त्रिपाठी का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उन्हें माल्यार्पण कर मिठाई खिलाई गई और बधाई दी गई। इस अवसर पर सवर्ण मुखिया विनोद दुबे ने कहा कि विनीत त्रिपाठी की जीत बार एसोसिएशन के लिए शुभ संकेत है। वे सदस्यों के हितों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। अपने स्वागत से अभिभूत उपाध्यक्ष (प्रथम) विनीत त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के सभी सदस्यों के सहयोग से अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान करूंगा और न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान दूंगा। वे वकीलों की एकता और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में देवकीनंदन दुबे मुन्ना, आसाराम यादव, अजय कुमार दुबे, राजीव अग्निहोत्री, ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष रामेंद्र सिंह चौहान, दिनेश पांडेय, सुरेश कुमार दुबे, मुकेश द्विवेदी, प्रदीप दुबे, भैया लाल एवं राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



होली एवं अन्य त्योहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली में पीस कमेटी की मीटिंग की गई।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी ने बैठक में मौजूद सभी धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी होली एवं अन्य त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।

साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे, रामानंद वर्मा, मोहम्मद कामरान, नरेश वर्मा, विनीत वर्मा सिंपल, सुरेश वर्मा, अयूब खान, भास्कर चतुर्वेदी, रानू कुरेशी एवं दीपक गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तालाबों पर अवैध कब्जे का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**कन्नौज।** नगर क्षेत्र के तालाबों व सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमणों की शिकायत की। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के अभिलेखों में आठ तालाब दर्ज हैं, लेकिन अधिकांश तालाबों पर भू-माफिया व प्रभावशाली लोगों ने कब्जा कर निर्माण करा लिया है। इसके अलावा सरकारी गलियों और अन्य भूमि पर भी अतिक्रमण कर पक्के निर्माण किए गए हैं। जिलाध्यक्ष का आरोप है कि इस संबंध में पूर्व में जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी छिबरामऊ व अधिशासी अधिकारी से शिकायत की गई थी और जांच के आदेश भी हुए, लेकिन स्थानीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने अधिशासी अधिकारी व संबंधित लेखपाल पर लापरवाही व संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए विभागीय जांच की मांग की है।

# पालिकाध्यक्ष ने सफाईकर्मियों को दी वर्दी



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने स्थाई एवं संविदा सफाई कर्मचारियों को नई वर्दी का वितरण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर की स्वच्छता और सौंदर्य के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। उनकी लगन और समर्पण के बिना नगर स्वच्छ नहीं रह सकता। इसलिए उनकी सुविधा एवं सम्मान के लिए यह वर्दी वितरण किया गया है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि वे और अधिक उत्साह से कार्य करें तथा शहर को पहले से अधिक स्वच्छ बनाएं। इस दौरान अमरदीप (सफाई प्रभारी), प्रवेश कुमार, सुभाष चंद्र (सफाई नायक), सूरज कुमार, सुजीत कुमार, आनंद कुमार, राजेंद्र कुमार, सलाउद्दीन, अमरजीत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोजा इफ्तार कराने से मिलता है बहुत बड़ा सवाबः ताहिर हुसैन सिद्दीकी



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को क्षेत्र के गांव मझपुर्वा के पायका मैदान मे टीम जुनैद सिद्दीकी द्वारा रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे पहुंचे पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि जिस तरह रोजा रखने का बड़ा अज्रो सवाब है, उसी तरह रोजा इफ्तार कराने का भी बहुत बड़ा सवाब है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी भेदभाव समाप्त होते ही है साथ ही भाईचारा कायम होता है। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा अल्लाह को बहुत ही पसंद है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसील सिद्दीकी ने कहा कि रमजान एक पवित्र महीना है इस महीने के रोजे तमाम मुसलमानो पर फर्ज किए गए हैं उन्होंने कहा कि पैगंबर ए इस्लाम ने फरमाया कि जिसने ईमान व सवाब की नीयत से रमजान के रोजे रखे उसके पिछले सब गुनाहों को माफ कर दिया जाता है। रमजान के महीने में अल्लाह अपने तमाम गुनाहगार बंदों को जहन्नम से आजाद कर देता है। रोजा अफ्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई जिसमे मुल्क के अमन व चैन की दुआ मांगी गई। इस मौके पर आयोजक साजिद इफ्तिखार के अलावा पूर्व ब्लाक पमुख राशिद जमाल सिद्दीकी पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन आसिफ़ जमाल खान पप्पी जुनैद सिद्दीकी सपा नेता उत्कर्ष गुप्ता तारिक बशीर आमिर खान पिंटू यादव शमीम सिद्दीकी अच्छे खान वसीम हसन उर्फ लाला दुबे अयूब सिद्दीकी अकील खान मनी गुप्ता आसिफ हुसैन सभासद मो0 विवेक पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा में 2179 छात्र-छात्राएं हुए शामिल, 136 रहे अनुपस्थित



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

यूपी बोर्ड परीक्षा में सोमवार को दो पालियों में संपन्न हुई परीक्षा में जहां 2179 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया, वहीं 136 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बताते चलें कि, सोमवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के चलते 22 परीक्षा केंद्रों पर सुबह पाली में प्रथम (इंटर) कृषि वनस्पति विज्ञान/कृषि अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। इसमें पंजीकृत 626 छात्र छात्राओं में 594 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जबकि 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार पाली द्वितीय इंटर अर्थशास्त्र विषय की आयोजित हुई परीक्षा में 68 परीक्षा केंद्रों पर पंजीकृत 1689 छात्र छात्राओं में 1585 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 104 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट, नोडल मजिस्ट्रेट का दौरा जारी रहा।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का मंगलवार को विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया।

बताते चलें कि, वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए सरकार द्वारा टीईटी की अनिवार्यता लागू की गई है। इसको लेकर शिक्षक संगठनों के आवाहन पर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। मंगलवार को कई प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने विद्यालयों में अध्ययन कार्य के दौरान अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों का कहना था कि, वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू करना अनुचित है। इस मामले पर



बीती 22 फरवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स(पूर्व में ट्वीटर) पर अभियान भी चलाया गया था। यूपी महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरिया ने बताया कि, विरोध की इसी रणनीति के तहत आगे भी स्कूलों में कली पट्टी बांधकर शिक्षक कार्य करेंगे। इसके अलावा आगामी 26 फरवरी को इसे मामले के विरोध में शिक्षक बीआरसी कार्यालय पर धरना भी देंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। टीईटी के उपरोक्त मामले पर शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन का सिलसिला कन्नौज मुख्यालय से लेकर तिर्वा,छिबरामऊ, सहित ब्लॉक स्तर पर अन्य कई प्राथमिक विद्यालयों में भी जारी रहा। इस दौरान पंकज, अमित, अरविंद, सरिता गौतम, साधना यादव, मंजरी कटियार, शालिनी सिंह, रमन कटियार, दीप्ति सिंह, शैली मिश्रा, अनुभा सिंह, वैभव राजपूत, बिक्रम सहित कई शिक्षक शामिल रहे।

# संवाद सेतु से अफसर-जनप्रतिनिधि संवाद होगा सशक्तः असीम अरुण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच समन्वय को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 25 फरवरी से 'संवाद सेतु' व्यवस्था लागू की जा रही है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसकी शुरुआत गाजियाबाद, हरदोई और कन्नौज में की जाएगी।

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने तीनों जिलों के जिलाधिकारियों को समयबद्ध तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक जनपद में जिला संपर्क एवं कमांड सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित होगा। यदि किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधि



की कॉल 10 मिनट के भीतर रिसीव नहीं की जाती या कॉल बैक नहीं किया जाता, तो कमांड सेंटर हस्तक्षेप कर तत्काल संवाद सुनिश्चित करेगा। यह व्यवस्था कार्य दिवसों व कार्यालय समय में सरकारी (सीयूजी) नंबरों पर लागू रहेगी। बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहन और लापरवाही की स्थिति में शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## होली पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, अस्पतालों में बढ़ाई गई तैयारियां

**कन्नौज।** होली के पर्व को देखते हुए कन्नौज में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। त्योहार के दौरान संभावित हादसों और स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों से निपटने के लिए जिले के सभी प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष इंतजाम किए गए हैं। जिला अस्पताल में 10 बेड, 100 शैय्या अस्पताल में 10 बेड तथा कन्नौज मेडिकल कॉलेज में 40 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 5-5 बेड सुरक्षित रखे गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत उपचार मिल सके।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वदेश गुप्ता ने बताया कि होली के दौरान सड़क दुर्घटनाओं, झगड़ों और रंगों से होने वाली एलर्जी जैसी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखा गया है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमें गठित कर 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखा गया है।

# बरसाना के रंगोत्सव में गूंजेगी आल्हा की ललकार

**'गंगा आल्हा' की प्रस्तुति, विदेशी मेहमान भी होंगे साक्षी**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मथुरा जनपद के बरसाना में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक रंगोत्सव में इस बार परंपरा और शौर्य का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। राधारानी की पावन नगरी में पहली बार वीर रस की प्रसिद्ध 'गंगा आल्हा' विधा को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में आल्हा सम्राट संग्राम सिंह की वीरता का प्रतीकात्मक मंचन होगा, जिसमें तलवार लहराकर शौर्य गाथा प्रस्तुत की जाएगी। यह आयोजन राधा विहारी इंटर कॉलेज परिसर के निकट संपन्न होगा। 25 फरवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस सांस्कृतिक महोत्सव में आल्हा गायन, पारंपरिक लोक प्रस्तुति और रंगारंग कार्यक्रम दर्शकों को रोमांचित करेंगे। इसी क्रम में विश्व प्रसिद्ध ताज महोत्सव में भी इस बार आल्हा विधा को विशेष स्थान दिया गया है। 27 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश से आए पर्यटक भारतीय वीर परंपरा और ब्रज संस्कृति का अनूठा संगम देख सकेंगे। आयोजकों के अनुसार, रंगोत्सव और ताज महोत्सव दोनों में भारी संख्या में विदेशी मेहमानों के पहुंचने की संभावना है।

# जान जोखिम में डालकर एक्सप्रेस वे पर चढ़ने को विवश राहगीर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

वाहनों को जल्दी पकड़ने की आपाधापी में कोई बड़ा हादसा कब हो जाय कहा नहीं जा सकता, इतना ही नहीं विभागीय अधिकारी भी इस समस्या पर अभी तक कोई हल नहीं निकाल सके हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं, लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के अंतर्गत तिर्वा कन्नौज मार्ग पर स्थित फगुआ टोल से जुड़े एक्सप्रेस वे पर राहगीरों द्वारा चढ़ने उतरने को लेकर मामले का।

बताते चलें कि, तिर्वा कन्नौज मार्ग से होकर गुजरे लखनऊ आगरा एक्सप्रेस पर वैसे तो वाहनों के आवागमन को लेकर टोल स्थापित हैं, और यहां से रोजाना बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन भी लखनऊ और आगरा जाने के लिए जारी रहता है। वहीं एक्सप्रेस से जुड़े टोल के आगे अगर उपरोक्त मार्ग की बात करें तो फगुआ भट्ठा के आगे एक्सप्रेस वे



के लिए ऊपर चढ़ने को काफी ऊंचाई से भरे अस्थाई चढ़ाई वाले रास्ते भी हैं जो अभी सुरक्षा की दृष्टि से बहुत पीछे हैं। गौर करने वाली बात यह है कि, बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे जल्दी यात्रा करने को टोल के रास्ते एक्सप्रेस वे पर ना जाकर गंतव्य को यात्रा करने के लिए उपरोक्त खतरनाक चढ़ाई के रस्ते का इस्तेमाल कर रहे हैं, इससे उनकी जान का जोखिम भी साफ तौर पर नजर आता है। सवाल यह भी है कि इस पथरीले खतरनाक चढ़ाई वाले अस्थाई रास्ते पर सुरक्षा को लेकर भी कोई इंतजाम नहीं हैं, और ना ही इस खतरनाक चढ़ाई पर रोकने वाला कोई जिम्मेदार शख्स। नतीजा यह होता है कि, जहां एक्सप्रेस वे पर चढ़ने के दौरान अब तक कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं वहीं कई लोग जाने जोखिम में लगातार उपरोक्त अस्थाई मार्ग पर चढ़ाई कर एक्सप्रेस वे पर पहुंचने को जान जोखिम में डालते हाय साफ नजर आ रहे हैं।

मजे की बात टू यह है कि,जिले के कई जनप्रतिनिधियों से लेकर विभागीय अधिकारियों को इस मामले की जानकारी होने के बाद भी अब तक उपरोक्त समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं हो सका है। के लोग सोशल मीडिया पर भी उपरोक्त समस्या को उठाकर समस्या के निदान की मांग करते हुए जरूर नजर आती हैं,पर कोई कारगर प्रयास करने से पीछे हैं।

# स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक पाकर इंजीनियरिंग कॉलेज ने फहराया परचम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

तिर्वा स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र छात्राएं लगातार एक ना एक नया परचम स्थापित कर रहे हैं। इसी के चलते कॉलेज के खिलाड़ियों ने झांसी में आयोजित राज्यस्तरीय स्पोर्ट्स गेम प्रभंजन में प्रतिभाग कर कई पदक भी अपने नाम किए हैं।

20 फरवरी से 22 फरवरी तक राज्य स्तरीय खेल प्रतिस्पर्धा में कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 40 रजत, और 8 कांस्य पदकों पर अपना कब्जा जमाया है, और ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं के साथ टीम इवेंट में भी कॉलेज को उल्लेखनीय सफलता



का दर्जा दिलाया है। बताते चलें कि, झांसी में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इसमें पल्लवी सोनी ने एथलेटिक्स स्पर्धाओं में सौ, दो सौ, चार सौ,और 16 सौ मीटर गर्ल्स में स्वर्ण पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार 2 सौ मीटर गर्ल्स में तृप्ति ने कांस्य पदक जीता है। छात्र वर्ग में नितिन कुमार ने 16 सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। सौ मीटर छात्र में सचिन यादव में कांस्य, दो सौ मीटर में अर्जित यादव ने रजत और सचिन यादव ने कांस्य पदक हांसिल किया है। इसी प्रकार चार सौ मीटर में छात्र वर्ग में भी इंजीनियरिंग कॉलेज तिर्वा को ही कांस्य पदक मिला है। ऐसे ही रिले रेस (गर्ल्स एवं बॉयज) में कॉलेज की टीम ने रजत पदक पर अपना कब्जा बरकरार रखी है। फील्ड इवेंट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कॉलेज की टीम में आकांक्षा यादव ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक, श्रृष्टि गुप्ता ने कांस्य पदक जीता है। जेवलिन थ्रो (गर्ल्स बॉयज) में टीम को कांस्य, लॉन्ग जंप में रजत तथा गर्ल्स डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक मिले हैं। टीम स्पर्धाओं में उप विजेता में कबड्डी बॉयज टीम, क्रिकेट बॉयज टीम, के अलावा बैडमिंटन गर्ल्स टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनर अप स्थान हांसिल किया है।

कॉलेज की इस उपलब्धि में स्पोर्ट्स हेड मुकुल सक्सेना का महत्वपूर्ण योगदान रहा, इसके अलावा स्पोर्ट्स सेकेट्री मयंक सैनी और ईशा मोघा ने टीम समन्वय में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। राज्य स्तर पर मिली कॉलेज को इस उपलब्धि पर कॉलेज के निदेशक ने प्रतिस्पर्धा में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि, हमारे कॉलेज के छात्रों ने अनुशासन, मेहनत और टीम भावना का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। यह उपलब्धि ना केवल संस्थान बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

## कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद, कन्नौज

पत्रांक 34/न.पं.संम./ई-निविदा सूचना/रा.वि.आ./2025-26 दिनांकः 24.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत समधन में राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई-निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल पर निम्नांकित विवरण के अनुसार आमंत्रित करती है। निविदाओं से सम्बन्धित नियम व शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसका अनुपालन समस्त प्रतिभागियों को किया जाना अनिवार्य है। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न प्रकार है-

| E-Bid Reference | Date & Time |
|---|---|
| Tender Release | 25.02.2026 Time 1:00 PM |
| Tender Download Start | 25.02.2026 Time 1:00 PM |
| Bid Submission Start | 25.02.2026 Time 1:00 PM |
| Close of Bid | 09.03.2026 Time 3:00 PM |
| Bid Openning Technical | 10.03.2026 Time 3:30 PM |
| Bid Opening Financial | When Technical Bid Approved |

**लिपिक**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत समधन**
**जनपद-कन्नौज**

# गंगा में डूबे युवक का 20 घंटे बाद गोताखोरों ने निकाला शव

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमलागंज थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन पुल के पिलर संख्या-12 के पास गंगा में सोमवार को डूबे एक युवक का शव लगभग 20 घंटे बाद मंगलवार सुबह 9:30 बजे बरामद कर लिया गया। गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया। जांच के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन पुल के पिलर संख्या-12 के पास सोमवार दोपहर एक युवक गंगा नदी में डूब गया। मृतक की पहचान राहुल उर्फ लखपति पुत्र संजय गुप्ता के रूप में हुई थी। जो कस्बा कमालगंज की मिठाईयां गली का निवासी था। राहुल अपने परिचित रामसिंह वर्मा उर्फ मुनीम के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था। जिसका अंतिम संस्कार रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे किया जा रहा था। इसी दौरान राहुल पुल के पास गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूबने लगा। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल तलाश अभियान शुरू किया, लेकिन देर शाम तक युवक का पता नहीं चल सका। रात भर स्थानीय लोग मौके पर डटे रहे। मंगलवार सुबह फिर से खोज अभियान चलाया गया और गोताखोरों ने युवक का शव बरामद कर लिया। शव मिलते ही मौके पर मौजूद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने निर्माणाधीन पुल स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने पर चिंता व्यक्त की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। कमालगंज थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे ने बताया कि दरोगा कल्लू प्रसाद को मौके पर भेजा गया था। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।


मृतक का फाइल फोटो


मौके पर मौजूद परिजन


जांच पड़ताल करतीं आबकारी निरीक्षक रीता वर्मा

## आबकारी निरीक्षक ने शराब की दुकानों पर की छापेमारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 24.02.2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा मय स्टाफ द्वारा थाना मोहम्मदाबाद के अंतर्गत आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरा, पॉस से बिक्री, ऑनलाइन पेमेंट, सीसीटीवी कैमरे का परीक्षण किया गया। आबकारी निरीक्षक रीता वर्मा ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## सीडीओ ने ब्लाक का निरीक्षण कर सचिवों के साथ की बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीडीओ ने राजेपुर ब्लॉक का औचक निरीक्षण कर प्रधान व सचिवों के साथ बैठक की। उन्होंने फार्मा रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये।

सीडीओ विनोद गौड़ ने राजेपुर ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों की जांच की और प्रधानों व सचिवों के साथ एक बैठक भी की। बैठक में सीडीओ ने मनरेगा, फार्मा रजिस्ट्री और किसान सम्मान निधि को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने सचिवों को गांव-गांव जाकर ग्रामीणों के साथ बैठकें करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ विनोद गौड़ ने ब्लॉक में मनरेगा कंप्यूटर और सभागार का भी जायजा लिया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल, एडीओ पंचायत अजीत पाठक और सचिव शिव सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल को निर्देशित किया कि प्रधान और सचिव गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठकें सुनिश्चित करें और फार्मा रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र पूरा करें। सीडीओ ने बताया कि प्रधानों और सचिवों को मनरेगा के तहत फार्मा रजिस्ट्री से संबंधित निर्देश दिए गए हैं और इस संबंध में एक विस्तृत बैठक भी आयोजित की गई थी।


अभिलेख देखते सीडीओ

## बाइक चालक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के खुदागंज गाँव में एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत घायल युवक को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहाँ उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक चालक तेज गति से आ रहा था। जिसके कारण वह साइकिल सवार को समय रहते देख नहीं पाया और टक्कर हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## गमी वाले घरों में पुनः उत्साह का संचार कर रहीं फाग गायकों की टोलियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

होली का त्योहार रंगों और खुशियों का प्रतीक है, लेकिन जिन घरों में बीते वर्ष कोई अनहोनी हुई होती है, वहाँ त्योहार की रौनक फीकी पड़ जाती है। ऐसे परिवारों के दुखों को बांटने और उनके जीवन में पुनः उत्साह का संचार करने के लिए नवाबगंज नगर व क्षेत्र में फाग गायकों की टोलियां सक्रिय हो गई हैं। यह टोलियां अनराये उठाने की अनूठी परंपरा को निभाती हैं।

होली का त्योहार नजदीक आते ही नवाबगंज नगर एवं क्षेत्र में इसकी खुमारी बढ़ती जा रही है। त्योहार से पूर्व जिन घरों में गमी का माहौल होता है, वहाँ शाम ढलने के बाद ढोलक, चिमटा, झांझ, मंजीरा आदि वाद्य यंत्रों के साथ लोगों की अलग-अलग टोलियां पहुंचती हैं। ये टोलियां फाग गाकर अनराये उठाने का कार्य करती हैं। फाग गायन करने वाली ये टोलियां गमी वाले घरों में पहुंचकर लोगों के गम को दूर करने का प्रयास करती हैं। यह एक रिवाज है कि होली के त्योहार पर ये टोलियां गमी वाले घरों के चबूतरे पर बैठकर वाद्य यंत्रों की ध्वनि के साथ फाग गाकर परिजनों के गम को कुछ कम करने का प्रयास करती हैं।


फाग गायकों की टोली

नवाबगंज नगर के बरतल निवासी जानवीर खाँ उर्फ राजू, लालाराम, रामेश्वर दयाल, रामभजन, लड्डू सिंह, करू, नगला धोबियन निवासी राम लखन सिंह, गुड्डू सिंह, जुगाड़ी राजपूत सिंह और नगला हीरा सिंह के निवासी कप्तान सिंह राजपूत, घारम सिंह राजपूत, संतराम, नितेश जैसे लोग इन टोलियों का हिस्सा हैं। शाम होते ही ये टोलियां फाग गाते हुए नगर के आसपास की गलियों से गुजरती हैं, तो अनायास ही लोगों के कदम उनके फागों को सुनने के लिए ठहर जाते हैं। ढोलक की आवाज और फाग गायन को सुनकर आसपास के लोग भी टोली के साथ बैठकर फागों का आनंद लेते हैं और गायकों का उत्साहवर्धन करते हैं।

## उधार शराब न देने पर सेल्समैन को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** खुदागंज गांव निवासी राजवीर नशे की हालत में ठेके पर पहुंचा और उसने सेल्समैन से शराब उधार मांगी, लेकिन सेल्समैन ने मना कर दिया। इसी बात पर विवाद बढ़ गया और आरोपी ने चाकू निकालकर सेल्समैन पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायल सेल्समैन को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कमालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी राजवीर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष ने वताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

## आवारा पशुओं को पकड़ने का चलाया गया अभियान

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शहरी मैलारायगंज,और पंजरौली गांव में आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया गया। विकासखंड और पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से क्षेत्र के कई गांवों में घूम रहे इन पशुओं को पकड़कर गौशाला भिजवाया।यह अभियान रविवार को शहरी गांव में आवारा पशु के हमले से रमजान अली की मौत के बाद तेज किया गया है।

इस घटना के बाद से प्रशासन क्षेत्र में घूम रहे आवारा जानवरों को पकड़ने के लिए सक्रिय हो गया था।खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा, पंचायत सचिव रवि कुमार तेजभान और अन्य सचिवों के साथ पशु चिकित्सा अधिकारी गया प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान करीब एक दर्जन पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा गया।सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा ने बताया कि लगभग आधा दर्जन गांवों में आवारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया।

## आबकारी विभाग की छापेमारी में बीस लीटर कच्ची शराब बरामद

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** आबकारी विभाग ने होली के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह के नेतृत्व में टीम ने सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र कई स्थानों पर दबिश दी और लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लगभग 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।यह अभियान दुरर्जनपुर, सिखलिखपुरवा विद्यानगर, रेवढा, सुर्रा और दुल्हादेपुर जैसे गांवों में चलाया गया। कुल 14 संदिग्ध स्थानों पर छापे मारे गए, जहां से कच्ची शराब जब्त की गई।आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार और जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में यह प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य होली के त्योहार पर अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन को रोकना है।अभियान के तहत आबकारी टीम ने ग्रामीणों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। लोगों से अपील की गई कि वे कच्ची शराब का सेवन बिल्कुल न करें और यदि कहीं अवैध शराब बनाई या बेची जा रही हो तो इसकी सूचना आबकारी विभाग को दें।आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह ने बताया कि होली के त्योहार को देखते हुए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही, सरकारी शराब की दुकानों का भी निरीक्षण किया जा रहा है ताकि मिलावटी शराब की बिक्री न हो। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरी तेजी के साथ जारी रहेगा।

## सब्जी मंडी खंड में लगाये गये कांटे-बांट के कैंप


कांटे बांटे चेक करते अधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवीन मंडी समिति परिसर सब्जी मंडी खंड में कांटे-बांट का एक कैम्प लगाया गया। इस कैंप में जनपद के कांटे-बांट के अधिकारियों ने कांटों को चेक कर सत्यापित कर मोहर लगाई। इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर महामंत्री अमित सेठ, फल एवं सब्जी मंडी ट्रेड के महामंत्री हासिम नियाजी, रामू पंडित आदि उपस्थित रहे। व्यापारियों का भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने सहयोग किया।

## नगर मजिस्ट्रेट की रोक के बाद भी चल रहा प्रतीक्षा गेस्ट हाउस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर मजिस्ट्रेट को दिये गये प्रार्थना पत्र में शिकायकर्ता ने कहा है कि कुइयांबूट थाना मऊदरबाजा में आबादी के बीच में प्रतीक्षा गेस्ट हाउस चलाया जा रहा है। उक्त गेस्ट हाउस तक पहुँचने के लिए मुख्य सड़क से 13 फीट का रास्ता गया है। जिस वजह से आस पड़ोस के लोगों को शादी समारोह के दौरान आने जाने में एवं शोरगुल से काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उक्त प्रकरण में पूर्व में आपके द्वारा प्रतीक्षा गेस्ट हाउस को बन्द कराया गया था और उस समय प्रतीक्षा गेस्ट हाउस की मालिक पुष्पलता देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह शाक्य ने एक शपथ पत्र भी दिया था। जिसमें उसने कहा था कि वह आगे से गेस्ट हाउस में किसी भी प्रकार का आयोजन नहीं करेगी, परन्तु वर्तमान समय में आवेदिका द्वारा प्रतीक्षा गेस्ट हाउस का नाम बदलकर प्रतीक्षा सभा भवन फाउन्डेशन रख दिया एवं उसी में भी कई बार शादी समारोह का आयोजन किया गया था। दिनांक 16.04.2025 व दिनांक 27.04.2025 को भी शादी समारोह का आयोजन किया गया है। जिनके शादी के कार्ड की छायाप्रति संलग्न की गयी है। उक्त गेस्ट हाउस की मालिक पुष्पलता देवी उपरोक्त को कई बार थाना पुलिस द्वारा समझाया गया है, परन्तु वह नहीं मानती है और आये दिन प्रोगाम कराती रहती हैं। शादी समारोह के आयोजनों से आस पड़ोस के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसके सम्बन्ध में पड़ोस में रहने वाले गजेन्द्र पुत्र जगरूप सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भी दिया है।


गेस्ट हाउस में चल रहा शादी समारोह का आयोजन

## अपर जिलाधिकारी ने शमशाबाद नगर पंचायत का किया निरीक्षण

▸ रखरखाव में कमी पर जताई नाराजगी, दिए सुधार के निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को शमशाबाद स्थित नगर पंचायत कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक अभिलेखों और प्रपत्रों का जायजा लिया और अधीनस्थ कर्मचारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कार्यालय के रखरखाव में कमी पाई। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने और सभी आवश्यक प्रपत्रों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायत से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं की भी जांच की। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद के अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी और कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। लगभग आधे घंटे तक चली इस निरीक्षण प्रक्रिया के बाद अपर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने विशेष रूप से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का निरीक्षण किया। रखरखाव में अव्यवस्थाएं मिलने पर उन्होंने पुनः नाराजगी व्यक्त की और नगर पंचायत कर्मियों को सभी व्यवस्थाओं को तत्काल प्रभाव से सुधारने के सख्त निर्देश दिए।


निरीक्षण के दौरान अभिलेख देखते एडीएम

## दबंग ने खेत से जबरन खोदी मिट्टी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम मानपुर सिरौली निवासी राजू पुत्र श्रीपाल ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया गाटा संख्या-6735/2 रकवा 10 बीघा मेरी माता राजकुमारी के नाम है।

जो जमीन खाली पड़ी हुई है। उक्त खाली पड़ी जमीन पर शिवम पुत्र राम रईस निवासी नवादा सिरौली ने रात्रि में किसी समय मेरे खेत से पूरे खेत की मिट्टी खोद ली है। जब सुबह पीड़ित को जानकारी हुई, तो उसने खेत पर जाकर देखा कि खेत से मिट्टी खुदी हुई है। तब पीड़ित ने नवाबगंज थाने जाकर इसकी जानकारी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में जानवरों के बाड़े में गयी युवती झुलसी

▸ परिजनों ने पहले सीएचसी, फिर लोहिया में कराया भर्ती, पुलिस जांच में जुटी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती आग से झुलस गयी। गंभीर हालत में परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां से डाक्टरों ने प्राथमिक उचपार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव जिजपुरा निवासी नीलम जाटव उम्र 21 वर्षीय पुत्री महेंद्र सिंह जाटव रोज की भांति अपने घर से लगभग डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर बने जानवरों के बाड़े में जानवरों को देखने गई हुई थी। संदिग्ध परिस्थितियों में जानवरों के बाड़े में युवती जली हुई अवस्था में पड़ी हुई थी। उसके कराहने की आवाज सुनकर पड़ोस में ही घास काट रही उसकी पारिवारिक दादी सतानो देवी ने देखा युवती बुरी तरीके से जल चुकी थी। सतानो देवी ने तत्काल इसकी सूचना युवती के परिजनों को दी। परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ जितेन्द्र बहादुर ने प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। युवती ने अर्द्ध बेहोशी की हालत में बताया कि एक युवक नकाब बांधकर आया और उसने उसके साथ मारपीट की तथा उसके मुंह पर टेप लगा दिया और पेट्रोल की बोतल डालकर आग लगा दी। आग लगाने के बाद युवक मौके से फरार हो गया।

घटनास्थल पर युवती के जले हुए कपड़े, एक खाली बोतल पड़ी हुई मिली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, उपनिरीक्षक शमशुद्दीन, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल धर्मेन्द्र, कांस्टेबिल सचिन कुमार सहित भारी पुलिस बल पहुंचा। युवती की चाची ज्योति पत्नी गुरुजीत ने बताया कि वह जब जानवरों के बाड़े में पहुंची, तो युवती जली हुई अवस्था में कराहती हुई जमीन पर पड़ी थी। जिससे चीख पुकार मच गई। ज्योति के लगभग 7 वर्षीय बालक ने बताया कि वह घटनास्थल के पास पानी पीने के लिए गया था, तो उसने देखा की युवती स्वयं ही अपने मुंह पर टेप लगा रही थी। जिसके बाद यह घटना घटित हो गई।

फिलहाल में पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। युवती अपने पांच भाइयों में अकेली बहन है। 2 वर्ष पूर्व पिता महेंद्र की मौत हो चुकी है। वहीं युवती के परिजनों ने गोपाल शाक्य निवासी झकरई अलीगंज जनपद एटा पर पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप लगाया है।


सीएचसी में मौजूद व परिजन

## होली व रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाना परिसर में मंगलवार शाम 4 बजे होली और रमजान त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने की।

बैठक में उपस्थित प्रधानों और जनप्रतिनिधियों से होली के दौरान संभावित विवादों वाले स्थानों के बारे में जानकारी ली गई।

थाना अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियां या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने की सख्त चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि ऐसी किसी भी स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित किया जाए। थाना अध्यक्ष ने सभी ग्रामीणों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। थाना अध्यक्ष ने प्रधानों को निर्देश दिए कि छोटे-मोटे विवादों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने अवैध कच्ची शराब की बिक्री पर भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके अतिरिक्त होली पर शराब पीकर बाइक न चलाने की हिदायत दी गई। ऐसा पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधानों से कहा गया कि किसी भी विवाद या अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस या डायल 112 पर दें।


बैठक लेते थानाध्यक्ष

# जिलाधिकारी ने न.पं. संकिसा बसंतपुर का किया निरीक्षण


नगर पंचायत का निरीक्षण करते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी ने संकिसा बसंतपुर नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय अभिलेखों के रख-रखाव, जन्मदृमृत्यु पंजीकरण, निर्माण कार्यों की प्रगति, स्वच्छता व्यवस्था तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। डीएम ने कार्यालय में संचालित जनसुनवाई व्यवस्था का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर पाई गई। अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने तथा कार्यालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराये, लंवित जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र तत्काल जारी कराये, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र केवल आवेदक को ही प्राप्त कराये, काली नदी पर बने अंत्योष्टि स्थल तक नियमानुसार सड़क निर्माण कराये, स्टोर रूम व्यवस्थित रखे, विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए एवं निर्माण कार्यों को जल्दी पूर्ण कराये, कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## थाना मेरापुर का भी किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश


थाने का निरीक्षण करते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने थाना मेरापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों का संधारण, आगंतुक रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार, मालखाना तथा बंदी गृह का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा गंभीर प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने महिला संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सीसीटीएनएस प्रणाली, बीट पुलिसिंग एवं अपराध नियंत्रण की स्थिति की भी समीक्षा की। डीएम ने थाना परिसर में अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने तथा आमजन के साथ शिष्ट एवं उत्तरदायी व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# डीएम ने खिमसेपुर नगर पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण

## कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही के दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


निरीक्षण करते डीएम

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने खिमसेपुर नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय अभिलेखों के रख-रखाव, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, निर्माण कार्यों की प्रगति, स्वच्छता व्यवस्था तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। डीएम ने कार्यालय में संचालित जनसुनवाई व्यवस्था का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर पाई गई। अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने तथा कार्यालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराये, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र केवल आवेदक को ही प्राप्त कराये। विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए एवं निर्माण कार्यों को जल्दी पूर्ण कराये। कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आई.जी.आर.एस. में प्राप्त शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतकर्ता से बात कर निस्तारण कराये, स्पेशल क्लोज प्रकरणों का पुनः समीक्षा करे।

## ठेका कर्मचारियों का पूर्ण वेतन दिये जाने की मांग


लिपिक मुकेश को ज्ञापन सौंपते संघ के जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार बाल्मीकि ने होली त्यौहार को देखते हुए ठेका सफाई कर्मचारियों का वेतन दिये जाने की अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संबोधित ज्ञापन लिपिक मुकेश कुमार को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि होली पर्व को ध्यान में रखते हुए ठेका कर्मचारियों का माह फरवरी का वेतन 20 दिवस पालिका द्वारा दिया जा रहा है, जबकि होली पर्व के दृष्टिगत ठेका कर्मचारियों का माह फरवरी का वेतन पूर्ण माह का दिया जाना चाहिए। ठेके कर्मचारियों की ओर से नीरज कुमार बाल्मीकि ने मांग की है कि फरवरी माह का सम्पूर्ण वेतन दिया जाये।

# बैंकों द्वारा ग्राहकों को जबरदस्ती बीमा उत्पाद बेंचने पर केंद्रीय वित्त मंत्री नाराज

**ऐसे कदम की बहुत पहले से ही थी आवश्यकता मुकेश गुप्ता**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


मुकेश गुप्ता

11 फरवरी 2026 को आरबीआई की तरफ से बैंकों द्वारा विभिन्न बीमा उत्पादों की मिस सेलिंग पर कठोर दिशा निर्देश जारी होने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों को जबरदस्ती और गलत तरीके से अपने बीमा उत्पाद बेंचने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करने पर अपनी टिप्पणी करते हुए भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त कर्मचारी मुकेश गुप्ता ने कहा कि इस कदम की बहुत पहले से ही आवश्यकता थी, क्योंकि इधर काफी बरसों से बैंक अपने ग्राहक को किसी भी तरीके का लोन देने से पहले ग्राहक को अपना बीमा उत्पाद लेने के लिए कभी-कभी मजबूर कर देते थे। ऐसे में पहले से ही ग्राहकों को अपने लोन को चुकाने के लिए समय-समय पर धन की व्यवस्था करने के साथ-साथ बीमा की किस्त को भी जमा करने के लिए धन की आवश्यकता पड़ती थी, जिसकी वजह से कभी-कभी वह ग्राहक अपना व्यवसाय चलाने में कुछ आर्थिक दिक्कत महसूस करता था और इस प्रकार यह लोन खाता ठीक समय पर रीपेमेंट न होने के कारण आगे चलकर एनपीए खाता में परिवर्तित होने की संभावना ज्यादा रहती थी या बीमा की दूसरी किस्त न जमा करने के कारण ग्राहक को पहले जमा किए हुए अपने पैसे को बीमा कंपनी से वापस लेने में काफी आर्थिक हानि और परेशानी उठानी पड़ती थी। इस प्रकार यह कार्य बैंक और बैंक के ग्राहक दोनों के लिए नुकसान कारक सिद्ध हो रहा था मुकेश गुप्ता ने आगे बैंकों के उच्च अधिकारियों से अनुरोध करते हुए अपनी उम्मीद जताई कि शाखा स्तर पर कार्य करने वाले बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ाई से इस निर्देश का पालन करने के लिए निर्देशित करें, ताकि बैंक से लोन लेने वाले जरूरतमंद लोगों को इससे राहत मिल सके।

## वामा सारथी के अन्तर्गत पुलिस प्रशिक्षकों के साथ हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वामा सारथी के अंतर्गत के अंतर्गत पुलिस लाइन फतेहगढ़ में पुलिस प्रशिक्षकों के साथ परीक्षा पर चर्चा की।

भारतेंदु नाट्य अकादमी के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र पाण्डेय ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया एवं पुलिस प्रशिक्षुओं को परीक्षा का प्रेशर कम करने के टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि हमारे जीवन में कदम-कदम पर परीक्षाएं होती हैं हमें उनसे डरना और घबराना नहीं है आने वाली परीक्षा में आप सब एकाग्रचित्त होकर तैयारी करें एवं पूर्ण लगन और निष्ठा के साथ परीक्षा में भाग ले। इस अवसर पर हिमांशु कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अचल प्रताप सिंह बने आप पार्टी अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**जिला अध्यक्ष इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य ने पार्टी की टोपी और पट्टिका पहनकर आम आदमी पार्टी परिवार की ओर से किया स्वागत**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी अचल प्रताप सिंह को सर्व सम्मति से आम आदमी पार्टी अधिवक्ता प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य ने पार्टी की टोपी और पट्टिका पहनकर आम आदमी पार्टी परिवार की ओर से स्वागत किया। वहां पर मौजूद जाने माने अधिवक्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत कर लड्डू खिलाए और बधाई दी। इस मौके पर अधिवक्ता सुभाष चंद्र शाक्य, रक्षपाल सिंह, जीवन सिंह राजपूत, प्रदीप यादव, देवेंद्र सिंह यादव, अचल प्रताप सिंह, अमरजीत कश्यप, अमन वर्मा, राहुल कुशवाहा, हरिकिशोर कुशवाहा, प्रमोद कुमार दिवाकर, अशोक कुमार पाल, सुरजीत सिंह कुशवाहा, रबनेश सिंह, शिवम शाक्य, विनय कुशवाहा, आकाश शाक्य, हसनैन, कंचन यादव, आदित्य कुमार शाक्य, अरविंद सिंह राजपूत, दिवाकर शाक्य, अजीत कुशवाहा, यादव सिंह शाक्य, जतिन शाक्य, विशाल शाक्य, साहब सिंह मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### डीएम ने की बैंक शाखाओं की विशेष समीक्षा


बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। शासन द्वारा 4 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना लागू की गयी है। जिसकी समीक्षा प्रत्येक सप्ताह मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/मण्डलायुक्त एवं डीएम द्वारा की जा रही हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजनान्तर्गत की प्रगति अत्यन्त खराब होने के कारण बैंक शाखाओं द्वारा निरस्त किये गये आवेदन पत्रों पर पुनर्विचार तथा लम्बित आवेदनों पर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हेतु विशेष समीक्षा बैंठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैंक ऑफ बडौदा, एक्सिस बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, इण्डियन ओवरसीज बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया बैंक शाखाओं की समीक्षा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गयी। डीएम ने निर्देशित किया कि योजनाओं में युद्ध स्तर पर ऋण वितरण की कार्यवाही करायी जाये, जिससे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों को माह मार्च 2026 तक पूर्ण हो सके।

### टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य


काली पट्टी बांधे शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में राष्ट्रीय कार्यक्रम चलाया जा रहा है। पहले चरण में 22 फरवरी रविवार को ट्विटर पर हैशटैग अभियान चलाया गया। जिसने मन की बात और एआई समिति कार्यक्रम को पछाड़ते हुए नंबर वन टेंड हासिल किया। विरोध के दूसरे चरण में 23, 24 एवं 25 फरवरी को हाथों में काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। विरोध के तीसरे चरण में 26 फरवरी को दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जिला अधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाल कर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। आंदोलन का चौथा चरण दिल्ली के राम लीला मैदान में मार्च के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। विरोध कार्यक्रम में अवनीश चौहान, राजेश यादव, राकेश यादव, अमित मिश्रा, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. उपेंद्र गंगवार, मुन्ना लाल यादव, निर्देश गंगवार, विकास गंगवार, श्याम सिंह, केपी सिंह, अश्विनी चतुर्वेदी, विजय कुमार, सुशील माथुर, इसरार अहमद, शाहिद गौरी, शकील खान, चंद्रकांत दुबे, गौरव, विकास पाल, आनंद बाबू, अर्चना मिश्रा, सत्यभामा राठौर, अर्चना, लीना, अंजू, सुनीता, फारिया, अल्पना यादव सहित हजारों शिक्षक शामिल हो रहे हैं।

### आईटीआई कालेज में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार मेले का आयोजन 25 फरवरी बुधवार को प्रातः 10 बजे विद्यालय प्रांगण में होगा। रोजगार मेले में चार कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। सभी इच्छुक प्रतिभागी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ विद्यालय में सुबह दस बजे उपस्थित हो। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य ने दी है।

### संविदा स्वास्थ्य कर्मी आज डीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जायेंगा। भारतीय मजदूर संघ के आवाह्न पर संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ 25 फरवरी को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। ज्ञापन में कार्यरत संविदा कर्मियों को विभिन्न लंबित समस्याओं का निस्तारण व प्रत्येक माह के वेतन का भुगतान एवं अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जायेगा।

# अपर प्रधान न्यायाधीश के जन्मदिन पर परामर्शदाताओं ने दी बधाई


न्यायाधीश को बुके देते दीपक श्रीवास्तव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अंजू कंबोज को उनके जन्म दिन पर न्यायालय के स्टाफ ने बधाई देकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर न्यायाधीश अंजू कंबोज ने केक काटा। इस अवसर पर समस्त स्टाफ हेमू, इसरार पेशकर, लिपिक शिवम गुप्ता, देवेंद्र स्टेनो, प्रभात श्रीवास्तव एडवोकेट ने बधाई दी। अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के परामर्शदाता दीपक कुमार ने बुकें भेंट किया और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

# किसानों की मर्जी के बिना उनकी जमीन कोई नहीं ले सकता: बिजेंद्र सिंह यादव


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही किसानों की जमीनों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने धरना प्रदर्शन किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह यादव ने भाग लिया और उनका जनपद में जगह जगह स्वागत किया गया।

बिजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि लिंक एक्सप्रेसवे में जो जमीनें जा रही है उसका सर्किल रेट बाजार भाव का चार गुना दे सरकार, नहीं तो फर्रुखाबाद का किसान जमीनें नहीं देगा और इस बावत किसानों को बेवजह परेशान किया तो ये धरना प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर का होगा। हमारे संगठन के पदाधिकारियों को जिला प्रशासन द्वारा धमकाना बंद करें नहीं तो रजिस्ट्रार कार्यालय में ताला लगाते समय नहीं लगेगा। उन्होंने भारत अमेरिका कृषि समझौते पर भी बात रखी। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि हम लिंक एक्सप्रेसवे का विरोध नहीं करते है, लेकिन किसानों को भी सुनो, उनकी बिना मर्जी के कोई भी अधिग्रहण न किया जाए। अगर लेआउट में यूपीडा द्वारा संशोधन होना है तो बैनामे भी उस संशोधन के बाद हो, अगर बैनामे नहीं रोके गये तो भारतीय किसान यूनियन दोनों तहसीलों का घेराव करेगी और धरना प्रदर्शन अनिश्चित कालीन के लिये किया जाएगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य, छविनाथ शाक्य ने विचार रखे। संचालन अरविंद गंगवार ने किया। इस अवसर पर रामवीर सिंह यादव, देसराज सिंह, अफरोज मंसूरी, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, संजीव सोमवंशी, अशोक यादव, अभय यादव, अनुज राजपूत, पुजारी कटियार, सुग्रीव पाल, सुशील दीक्षित, राजेश गंगवार, गुड्डू यादव, दिनेश सिंह, अजय पाल यादव, अंकित चौधरी, अनीश सिंह सोनू, रामप्रकाश पाल, कश्मीर गंगवार, प्रदीप यादव, शिवराम शाक्य, सतीश कठेरिया, टिंकू यादव, बड़े यादव, अजीत सोमवंशी, संतोष सक्सेना, रामनरेश लेखपाल, प्रेमचन्द्र यादव, नवीन यादव, हिमांशु राजपूत, बबलू खटीक उपस्थित रहे।

# होली त्यौहार को लेकर एएसपी ने व्यापारी बंधुओं की सुनी समस्यायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


बैठक में मौजूद व्यापारी

अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में व्यापारी प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न हुई। अपर पुलिस अधीक्षक ने जनपद के सभी व्यापारी बन्धुओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी कर सम्बन्धित को उसके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में प्रमुख रूप से युवा जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल ने फतेहगढ़ और फर्रुखाबाद के मुख्य बाजार में होली पर भीड़ अधिक होती है, इसलिए पर्याप्त फोर्स मुख्य बाजार में लगवाई जाए और नगरपालिका द्वारा होली पर साफ -सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। होली वाले दिन सुचारू रूप से जल आपूर्ति की जाए, खाद्य विभाग के अधिकारी से स्पष्ट रूप से कहा गया कि होली पर किसी व्यापारी को नजायज परेशान न करने की मांग की। साथ ही मसेनी चौराहे पर बनाए गए ब्रेकरों को दुरुस्त कराए जाने की भी मांग की। जिला महामंत्री प्रबल माहेश्वरी ने भी कई मांगें रखी। अपर पुलिस अधीक्षक अरूण सिंह ने आश्वस्त किया कि जल्द ही अधिकारियों से बात करके समस्या का समाधान किया जाएगा।

टीएसआई सतेन्द्र कुमर द्वारा यह अवगत करवाया गया कि अब आने वाले समय में ट्रैफिक सिग्नल पर कैमरा लगवाकर हेलमेट नहीं लगाने वाले वाहन चालकों का चालान ऑनलाइन कर दिया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की अब सभी आमजन हेलमेट का प्रयोग करें और चालान से बचें। राजू गौतम ने मांग की है कि होली के त्यौहार पर ई-रिक्शा को डायवर्ड किया जाये, जिससे व्यापार पर फर्क न पड़े और आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा जाये।

संदेश अग्रवाल ने अपर पुलिस अधीक्ष को नव वर्ष की डायरी भेंट की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम, प्रमोद गुप्ता, फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता, नगर अध्यक्ष अंकित गुप्ता, मनोज सक्सेना, सुभाष बंसल, प्रबल माहेश्वरी, विशाल कश्यप, विशाल दुबे, शिवाशीष तिवारी, उपस्थित रहे।

## डीएन कालेज में होगी विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में 26 फरवरी को दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में एन0एस0एस0 के जिला कार्यक्रम समन्वयक की देख-रेख में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कायक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। भाषण प्रतियोगिता के विजेता 10 प्रतिभागियों को प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता के लिये चयन किया जायेगा। भाषण प्रतियोगिता का विषय है आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिये शिक्षा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में एन0एस0एस0 के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 आलोक बिहारी लाल शुक्ल, प्राचार्य डॉ0 आर0एन0 सिंह, एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मो0 अमीन एवं स्टॉफके साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। कार्यक्रम में अमृतपुर के विधायक सुशील शाक्य को आमंत्रित किया गया है। जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित होगा। धन्यवाद प्राचार्य डा0 रामनरेश सिंह ने ज्ञापित किया।


बैठक में मौजूद प्राध्यापकगण

# बरकतों व खूबियों का महीना है रमजान.......

**रमजान विशेष**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अल्लाह और उसके रसूल मोहम्मद ए-मुस्तफा ने फरमाया कि माहे रमजान को तमाम महीनों पर फजीलत हासिल है और इन महीने में वह एक रात भी शामिल है। जिससे की गयी इबादत हजार महीनों से अफजल है। रमजान




में गुनाहे कबीर से बचें। सजान का एतराम करें यानी झूठ न बोलें, गोहतान न लगायें, किसी की गीवत न करें, हराम से बचें।

**जावेद खान** ने कहा कि रसूले खुदा ने फरमाया कि मेरी उम्मत अगर माहे रमजान का एतराम करेगी तो कभी रुसवा नहीं होगी। नवी करीम ने फरमाया कि माहे रमजान में नेकी करने वाले को 70 नेकियों का सबाब मिलता है। रमजान का पहला असरा रहमत, दूसरा असर मगफिरत, तीसरा असरा जाहन्नुम से आजादी दिलवाता है। **रफी अहमद अंसारी** ने बताया अल्लाह की रहमत होगी तो रिज्क इजाफा होगा। तंग दस्ती खत्म होगी, मगफिरत होगी तो कब्र में सब जवाब में आसानी होगी। तीसरे असरे में अल्लाह को राजी कर लो तो जाहन्नुम की आजादी मिल जायेगी। रमजान का पहला असरा मुकम्मल हुआ। रोजे का असल मकसद है कि हैसियतदार भी भूख प्यास की तकलीफ को समझें और साल के बाकी 11 महीनों में गरीब और बेसहारा लोगों की भूख और प्यास की तकलीफ को समझ सकें। वहीं रोजा सिर्फखाना पीना छोड़ देने का काम नहीं, बल्कि इस दौरान बुराइयों से दूर रहने का भी नाम है।

**तारिक जंग खां** का कहना है कि रमजानुल मुबारक पर रोजदारों ने अल्लाह के रसूल पैगम्बर मो0 सल्लाहअलैह बसल्लम ने रमजान को शहरुल मुआसल कहा है, क्योंकि रमजान के महीने में निजात ही निजात है। इस मुबारक महीने में खुदा की रहमत की वर्षा होती है। रमजान के रोजे का मकसद दरअसल गुनाहों से बचन है। रेजा ऐसी रुहानी इबादत है जो इंसान को बहुत ऊंचे स्थान पर पहुंचाता है। रमजान का वह मुकद्दस महीना है जिसके लिए दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रतीक्षा करते हैं। सभी मुस्लमान रोज, नमाज और अन्य इबादतों में व्यस्त हो जाते हैं।



जावेद खान


रफी अहमद अंसारी


तारिक जंग खां

## खबरें एक नजर में

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दो मोटरसाइकिलें जलकर राख



**सिंगाही खीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र के हरद्वाही गांव (बेलरायां) में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब व्यापारी राजपाल पुत्र जंग बहादुर के घर में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घर में लगे सॉकेट में शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी और देखते ही देखते उसने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें बढ़ती देख परिवार के लोग घबरा गए और जान बचाने के लिए घर के पीछे की ओर भागे। आग लगने पर महिलाओं और बच्चों ने शोर मचाया, जिससे आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल सिंगाही थाने में सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उपनिरीक्षक के.सी. तिवारी ने मौके पर पहुंचकर आग लगने के कारणों की जानकारी जुटाई और आवश्यक जांच की। आग की चपेट में आकर घर में खड़ी दो मोटरसाइकिलें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। इसके अलावा घर में रखा घरेलू सामान भी राख हो गया। हालांकि गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन व्यापारी को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद परिवार दहशत में है।

### ज्ञान दायिनी शिक्षा ज्योति सम्मान से शिक्षाविदों का सम्मान



**लखीमपुर-खीरी।** आर. एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज विद्यालय परिवार द्वारा जनपद लखीमपुर-खीरी में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षाविदों को सम्मानित करने के उद्देश्य से ज्ञान दायिनी शिक्षा ज्योति सम्मान प्रकल्प का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में 24 फरवरी 2026 को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट, प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला तथा अंग्रेजी माध्यम समन्वयक आशीष सिंह द्वारा शिक्षण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षाविदों को सम्मान प्रदान किया गया। सम्मानित होने वालों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस एकेडमी के प्रबंधक शैलेश गुप्ता, एन.एस. गोल्डन फ्यूचर एकेडमी के प्रबंधक सरोज शर्मा, सनराइज पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल सिंह, हैप्पी डेज पब्लिक स्कूल की प्रबंधक सीमा शेखर तथा सनशाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक कमलेश शुक्ला शामिल रहे। इसके अतिरिक्त डा. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर को भी उनके विद्यालय परिसर में जाकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान का उद्देश्य जिले की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे श्रेष्ठ शिक्षाविदों के प्रयासों की सराहना करना और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देना है। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात सभी शिक्षाविदों ने आर.एम. ज्ञान दायिनी विद्यालय परिवार के इस प्रेरणादायक प्रयास की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

### आगामी त्योहारों को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**उचौलिया खीरी।** आगामी त्योहारों होली, रमजान और ईद को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को उचौलिया थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह ने की। सीओ अरुण कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से अपील की कि सभी लोग आपसी समन्वय, भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम और एकता का संदेश देते हैं, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद से दूर रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि होली के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाएगी। शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। साथ ही लोगों से आग्रह किया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। बैठक में ग्राम प्रधान, विभिन्न धर्मों के प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

### बुजुर्ग दंपती के साथ मारपीट करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के ढेढ़ी गांव में रास्ते के विवाद को लेकर बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट करने वाले पति पत्नी और उसके पुत्र के विरुद्ध पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है ढेढ़ी गांव निवासी 62 वर्षीय कमलाशंकर व उनकी 60 वर्षीया पत्नी सोनकली को सोमवार सुबह रास्ते के विवाद को लेकर हुई कहासुनी में गांव निवासी रमाशंकर पत्नी शांति देवी और पुत्र विपिन ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। बुजुर्ग कमलाशंकर की तहरीर पर तीनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दोनों घायलों का पीएचसी हलिया में उपचार करवाया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट करने वाले पति पत्नी और उसके पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

### आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाने में तंत्र नाकाम, कुत्तों ने 51 को काटा

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाने में अब तक में सारे नाकाम साबित हो रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय और शासन के सख्त निर्देश के बावजूद क्षेत्र में घूम रहे आवारा कुत्ते एक के बाद 51 लोगों को अपना शिकार बनाया है । उल्लेखनीय है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में कुत्तों के काटने पर मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में कुत्ता काटने पर 51 नये पुराने मरीजों को एंटी रेबीज का वैक्सीन लगाया गया। जिसमें सिकटा गांव निवासी रितिका 5 बरी गांव निवासी रिया 13 बबुरा गांव निवासी हृदय लाल 55 गुर्गी गांव निवासी प्रदीप 4 भिटहां गांव निवासी राजबली 18 धमौली गांव निवासी रफीक 13 पवारी कला गांव निवासी आदर्श 24 आदि सहित नए पुराने 51 पीड़ितों को एंटी रेबीज की सूई लगाई गई है। जानकारी के अनुसार 23 फ़रवरी को 12 लोगों को बीते 21 फ़रवरी को 65 लोगों को एंटी रेबीज लगाया गया था। चिकित्सक ने बताया कि कुत्ता काटने के मरीजों की संख्या में काफ़ी बढ़ोतरी हुई है। एक सप्ताह में 250 से अधिक मरीजों को एंटी रेबीज का वैक्सीन लगाया जा चुका है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार का कहना है कि हलिया पी एच सी पर एंटी रेबीज वैक्सीन का 40 वायल जिसमें 200 डोज उपलब्ध है। अस्पताल पर कुत्ता काटने के प्रतिदिन मरीज आ रहे हैं। मंगलवार को 51 लोगों को कुत्ता काटने का डोज दिया गया है।

### गृह गांव पहुंचने पर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद से कार्यकर्त्ताओं ने किया मुलाकात



**हलिया (मिर्जापुर)।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद अरुण सिंह मंगलवार को दिल्ली से वाराणसी एयरपोर्ट बाबतपुर से अपने गृह गांव बैधा पहुंचने पर भाजपा के कार्यकर्त्ताओ व पदाधिकारी गृह गांव बैधा पहुंचकर राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद से शिस्टाचार मुलाकात किया है राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद क्षेत्र के सेमरिहा गांव स्थित ब्रजदेव प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने गांव पहुँचे राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद का गृह गांव पहुंचने की जानकारी मिलने पर भाजपा के कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी उनके गांव पहुंचकर उनसे मुलाकात किया है राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद ब्रजदेव एथनोल प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन के बाद जिला मुख्यालय पर भाजपा के जिलाध्यक्ष के यंहा आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे इस दौरान भाजपा एमएलसी श्याम नारायण सिंह (विनीत),मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल,राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि धनंजय पाण्डेय,पूर्व ब्लॉक प्रमुख लालगंज जय कुमार सिंह, सिद्धार्थ मिश्रा,श्याम बहादुर सिंह, विनय सिंह (बबलू), सुधीर सिंह, विनोद सिंह, सहित भाजपा कार्यकर्त्ता पदाधिकारी मौजूद रहे सुरक्षा व्यवस्था में थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह मय पुलिस फ़ोर्स के साथ लगे रहे ।

### टैंकर से हुए पेयजल आपूर्ति करने का चार माह से नहीं हुआ भुगतान

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के पहाड़ी इलाका हलिया, नदना, कुशियरा, हर्रा, सगरा, खंभवा, पड़री, तिलरी में टैंकर से पेयजल की आपूर्ति करने का भुगतान चार महीने से अधर में लटका हुआ है। शासन द्वारा अभी तक भुगतान न मिलने से प्रधानों की फ़जीहत हो रही है। स्थानीय नदना ग्राम पंचायत के प्रधान मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में माह नवंबर दिसंबर के बाद से ही लोगों के समक्ष पेयजल की किल्लत शुरू हो जाती है। वर्तमान समय में हर घर नल योजना की पाइप ध्वस्त हो जाने के कारण लोगों के समक्ष पेयजल का संकट गहराता जा रहा है। क्षेत्र के कई स्कूलों में टैंकर से पेयजल की आपूर्ति कराई गई थी जिसका भुगतान आज तक लंबित है। विकास खंड क्षेत्र के नदना, हर्रा, खंभवा, कुशियरा, सगरा, पड़री, गांव में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अगर समय रहते समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो स्थित दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत हलिया रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि टैंकर से पेयजल की आपूर्ति दी गई थी। किंतु शासन द्वारा आपदा राहत कोष का बजट न आने से भुगतान में व्यवधान हुआ है। कहा कि ग्राम पंचायतों से सूचना मांगी गई है।

# प्रभारी मंत्री से मिले विधायक अमन गिरी, गोला की समस्याएं रखीं प्रमुखता से

- तीर्थनगरी में बढ़ती श्रद्धालु संख्या को देखते हुए आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने की मांग

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश सरकार में आबकारी मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल के लखीमपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों का तांता लगा रहा। इसी क्रम में अमन गिरी ने उनसे भेंट कर गोला क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को विस्तार से रखा। विधायक अमन गिरी ने गोला विधानसभा क्षेत्र में लंबित विकास कार्यों, यातायात व्यवस्था की जटिलताओं, बुनियादी सुविधाओं की कमी तथा तीर्थनगरी गोला गोकर्णनाथ में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र की जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण, नगर के सुंदरीकरण, पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं अन्य जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। विधायक ने कहा कि गोला गोकर्णनाथ धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण नगर है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में आधारभूत ढांचे को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। प्रभारी मंत्री ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# होली-ईद को लेकर खमरिया थाने में पीस कमेटी की बैठक

- सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील



**ईसानगर, खीरी।** खमरिया थाना परिसर में आगामी होली एवं ईद पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश ने की। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान,गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में आपसी भाईचारे और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश ने कहा कि सभी नागरिक त्योहारों को प्रेम, सौहार्द और शालीनता के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या, विवाद या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते उचित कदम उठाए जा सकें। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का भरोसा दिलाया।

## विकसित भारत की प्रथम सीढ़ी पर चढ़ता धौरहरा का ग्रामीण हाट बाजार

**धौरहरा (खीरी)।** धौरहरा विकास खंड की ग्राम पंचायत सरसवां में मनरेगा के अंतर्गत निर्मित हाट बाजार का संचालन प्रारंभ हो गया है। सुव्यवस्थित शेड, पक्की फर्श और सुसज्जित प्लेटफॉर्म से युक्त यह हाट बाजार अब ग्रामीणों एवं व्यापारियों के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक व्यापार स्थल बन गया है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश तथा मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में इस योजना को साकार किया गया। हाट बाजार के निर्माण एवं व्यवस्थाओं को सुचारु रूप देने में खंड विकास अधिकारी धौरहरा संदीप



- सरसवां में मनरेगा हाट बाजार शुरू, ग्रामीणों को मिली व्यवस्थित व्यापारिक सुविधा

कुमार की सक्रिय भूमिका रही। उनकी देखरेख में कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण हुआ। पूर्व में बाजार सड़क किनारे एवं खुले स्थान पर लगता था, जिससे धूप, वर्षा एवं कीचड़ के कारण व्यापारियों और ग्राहकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब पक्के शेड के नीचे सुरक्षित वातावरण में सब्जी, अनाज तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानें संचालित हो रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नई व्यवस्था से खरीदारी सरल एवं सुविधाजनक हुई है। वहीं व्यापारियों ने भी इसे आयवृद्धि की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। प्रशासन का मानना है कि यह हाट बाजार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

# जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचसी निघासन में मेगा शिविर आयोजित

- जिला पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप कुमार ने किया शुभारंभ
- कुल 437 मरीजों का पंजीकरण किया गया
- 48 मानसिक रूप से मंदित एवं गंभीर रोगियों का परीक्षण कर नि:शुल्क दवा वितरण

**निघासन खीरी**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन में मंगलवार को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

आयोजित मेगा कैंप में कुल 437 मरीजों का पंजीकरण किया गया। इनमें 48 मानसिक रूप से मंदित एवं गंभीर रोगियों का विस्तृत मानसिक परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। जिला पुरुष अस्पताल से आए मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने मरीजों की जांच की। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को झाड़-फूंक और अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक पद्धति से इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शिविर में अनिद्रा, अवसाद, बेहोशी के दौरे, चक्कर आना, बौद्धिक विकास में कमी, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, तनाव प्रबंधन और आत्महत्या की रोकथाम जैसे विषयों पर लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही समाज में व्याप्त भ्रांतियों को समाप्त कर बिना किसी झिझक उपचार लेने की अपील की गई।

जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने उपस्थित जनसमूह, सीएचओ, आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को पंपलेट वितरित कर मानसिक रोगों के लक्षण एवं उपचार के बारे में जानकारी दी। साइकेट्रिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पांडेय ने बताया कि जिला पुरुष अस्पताल के कक्ष संख्या 02 में प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक ओपीडी संचालित होती है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 9120984643 तथा टोल फ्री टेली मानस नंबर 14416 (24×7) पर भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि सीएचसी निघासन में प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा शिविर लगाकर उपचार किया जाता है। शिविर के दौरान 63 मरीजों की ब्लड शुगर और 70 मरीजों का रक्तचाप परीक्षण किया गया। 48 चिन्हित मरीजों को साइकेट्रिक नर्स विवेक कुमार मित्तल द्वारा दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम में सीएचसी निघासन के अधीक्षक डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. टी. एन. सिंह, डॉ. संदीप कुमार सिंह सहित अन्य पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा। शिविर के माध्यम से क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को सुलभ उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

# छोटी काशी में रेल सुविधाएं बदहाल, ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग तेज

- व्यापार मंडल ने डीआरएम लखनऊ को सौंपा ज्ञापन, श्रद्धालुओं और व्यापार पर पड़ रहा असर

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की गोला इकाई ने नगर में रेल सुविधाओं की कमी को लेकर रेल प्रशासन से ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है। इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ को संबोधित ज्ञापन रेलवे स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि गोला गोकर्णनाथ पौराणिक भगवान शिव की नगरी है, जो पूरे देश में 'छोटी काशी' के नाम से विख्यात है। यहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जबकि सावन मास में लाखों भक्तों का आगमन होता है। इसके बावजूद रेल यात्रा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। वर्तमान में गोला से लखनऊ और लखनऊ से मैलानी-पीलीभीत की ओर मात्र तीन ट्रेनें संचालित हैं। बरेली से गोरखपुर के बीच चलने वाली एक एक्सप्रेस ट्रेन का समय भी यात्रियों के अनुकूल नहीं बताया गया है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि जब गोला छोटी लाइन पर था, तब रेल सेवाएं अपेक्षाकृत बेहतर थीं, लेकिन बड़ी लाइन बनने के बाद ट्रेनों की संख्या कम हो गई है। इससे व्यापारियों, किसानों, मरीजों, महिलाओं, छात्रों और आम यात्रियों को लखनऊ व बरेली आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर स्थानीय व्यापार पर भी पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि शिव कॉरिडोर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होगी। ऐसे में समय रहते ट्रेनों की संख्या नहीं बढ़ाई गई तो समस्याएं और गंभीर हो सकती हैं। व्यापार मंडल का तर्क है कि ट्रेनों की संख्या बढ़ने से रेलवे की आय में भी वृद्धि होगी। मांग की गई है कि बरेली से पीलीभीत के बीच प्रातःकाल दो एक्सप्रेस ट्रेनें तथा लखनऊ से बरेली के बीच सायंकाल दो एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित की जाएं। इस दौरान नगर अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष अरुण अवस्थी सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## ई-व्यापार के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन, पीएम के नाम सांसद को सौंपा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर ई-व्यापार के अनियंत्रित विस्तार के विरोध में व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सांसद उत्कर्ष वर्मा को सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष राम मोहन सोनी ने किया। ज्ञापन राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू लाल गुप्ता एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री/प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के निर्देश पर दिया गया। ज्ञापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई है कि ई-व्यापार के बढ़ते प्रभाव से छोटे



एवं फुटकर व्यापारियों का कारोबार गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। स्थानीय दुकानदारों को असमान प्रतिस्पर्धा, अत्यधिक छूट की नीति और चुनिंदा विक्रेताओं को प्राथमिकता दिए जाने के कारण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने उल्लेख किया कि प्रतिस्पर्धा अधिनियम 2002 में प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों एवं प्रभुत्व के दुरुपयोग पर रोक का प्रावधान है, लेकिन व्यवहार में प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। इसलिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग को विशेष निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जाने की मांग की गई। इसके साथ ही उपभोक्ता संरक्षण (ई-व्यापार) नियम 2020 के प्रभावी पालन और ई-व्यापार के लिए पृथक सशक्त नियामक कानून बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया, ताकि छोटे व्यापारियों को संरक्षण मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में युवा प्रदेश मंत्री पटेल अशोक कनौजिया, जिला संगठन मंत्री शिव कुमार सोनी, तहसील अध्यक्ष सतीश वर्मा, नगर महामंत्री मुनेंद्र पाल सिंह और मीडिया प्रभारी श्याम राजपूत सहित अन्य व्यापारी शामिल रहे।

## साइकिल से गिरकर घायल हुई छात्रा की इलाज के दौरान प्रयागराज लेकर समय रास्ते में हुई मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव में साइकिल से गिरकर घायल छात्रा को उपचार के लिए लेकर जाते समय छात्रा की रास्ते में मौत हो गई है मौत की सूचना पर स्वजनों में कोहराम मच गया है। थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी कमलेश कुमार की दस वर्षीय पुत्री अर्पिता राजपुर गांव स्थित एस आर डी पब्लिक स्कूल में कक्षा 3 छात्रा थी।बीते शनिवार को स्कूल से घर वापस लौटते वक्त छात्रा साइकिल से गिरकर गंभीर रूप घायल हो गई थी। उपचार हेतु स्वजनों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले आए। जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफ़र कर दिया स्वजनों द्वारा ट्रामा सेंटर



मिर्जापुर लेकर गए जहां से चिकित्सक द्वारा प्रयागराज के लिए रेफ़र कर दिया। सोमवार को स्वजनों द्वारा उपचार के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे कि रास्ते में ही छात्रा की मौत हो गई। अर्पिता अपने तीन बहनों में सबसे बड़ी थी। जिसके मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# स्टेट लेवल की दो सदस्यी टीम ने दो उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं को देखा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**

राज्य स्तरीय टीम के दो सदस्यी मृगेंद्र मौर्या आरएम वाराणसी/आजमगढ़ मंडल व मयंक राय डिवीजनल अर्बन कोआरडिनेटर ने सोमवार को उप स्वास्थ्य केंद्र बबुरा भैरोदयाल व भैसौड़ वलाय का निरीक्षण किया, टीम ने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आम जनता को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। टीम ने उप स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं इस




संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की राज्य स्तरीय टीम द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर आधारभुत सुविधाओ का निरीक्षण किया है इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार, बीसीपीएम अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रमुख मार्गों के फुटपाथ व डिवाइडर से अवैध अतिक्रमण को हटाने के डीएम ने दिए निर्देश

- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी/अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विगत माह सड़क सुरक्षा बैठको में दिए गए निर्देशो की अनुपालन आख्या की जानकारी लेते हुए कृत कार्यवाही को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग के पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने होली के त्यौहार एवं आगामी चौत्र नवरात्र मेला के अवसर पर मार्ग दुर्घटनाओ को रोकने के दृष्टिगत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व यातायात प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि होली पर्व को देखते हुए अभियान चलाकर वाहनो की चेकिंग की जाए तथा शराब व अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने वालो की सघन चेकिंग करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए व जनजागरूकता के लिए अभी से जागरूकता कार्यक्रम कर लोगो को सचेत किया जाए। उन्होंने कहा कि नेशनल हाइवे व लोक निर्माण विभाग के राजमार्गो के प्रमुख सड़को पर फुटपाथ एवं डिवाइडर के मध्य पर किए गए अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाया जाए तथा फुटपाट को सड़क के बराबर समतल किया जाए, ताकि यदि किसी कारण वाहन सड़क पर खड़े होते



है तो जाम की स्थिति न उत्पन्न हो सकें। उन्होंने आगामी चौत्र नवरात्र मेला पर विन्ध्याचल में आने वाली भीड़ व भारी संख्या में वाहन के आने से यातायात प्रभावित न हो इसके लिए पहले से ही पार्किंग आदि की व्यवस्था चिन्हित कर ली जाए। विभिन्न जनपदो से विन्ध्याचल आने वाले मार्गो के मरम्मत लोक निर्माण विभाग एवं जिस विभाग की सड़क हो जांच कर यदि कहीं आवश्यकता हो तो मरम्मत सुनिश्चित करा लिया जाए। मुख्य मार्ग पर आने वाले ग्रामीण क्षेत्रो से जुड़ने वाले मार्ग के टी सेक्शन व घुमावदार स्थलो पर रिफ्लेक्टर व साइनबोर्ड लगवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मिर्जापुर व प्रोजेक्टर मैनेजर एनएचए को निर्देशित करते हुए कहा कि विन्ध्याचल व मीरजापुर नगर क्षेत्र तथा अष्टभुजा से गैपुरा तक की स्ट्रीट लाइट को अपने-अपने स सम्बन्धित विभाग भ्रमण कर यह सुनिश्चित करे कि यदि कहीं स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है तो उसकी मरम्मत सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि रोड सेफ्टी पालिसी के तहत वाहनो की चेकिंग, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीड वाहन चालको के लाइसेंस आदि की चेकिंग समय-समय पर अभियान चलाकर किया जाए। परिवहन विभाग व यातायात विभाग को निर्देशित किया कि कार्मशिल वाहनो जैसे ट्रको बैक लाइट, नम्बर प्लेट दिखाई नही देता है ऐसे लोगो को तत्काल कार्यवाही करते हुए सचेत किया जाए। सुरक्षा की दृष्टिगत से मेन रोड पर गाड़ियों की पार्किंग किसी भी दशा मे नही होनी चाहिए। सड़क दुर्घटनाओ पर घायलो के त्वरित उपचार हेतु विस्तार से चर्चा की गई तथा निर्देशित किया गया कि इमरजेंसी केयर के लिए प्रत्येक अस्पतालो में विशेष व्यवस्था रखा जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि गया कि हाइवे/मुख्य मार्गो के नजदीकी प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर 24 घण्टे डाक्टरो की उपस्थिति सुनिश्चित कराया जाए ताकि दुर्घटना होने पर तत्काल घायलो को अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया जा सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि.ध्रा. अजय कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अशोक कुमार, अधि.अधि. नगर पालिका परिषद गोवा लाल सहित मोटर ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।